




सांध्य दैनिक

# श्रीकंचनपथ

लीपा पोती नहीं सिर्फ सच

RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्रं.-छ.ग./ दुर्ग /94/2023-25



आवश्यकता है
मीडिया हाउस
में काम करने के लिए
ऑफिस बॉय की जरूरत है।
(छुटपुट कुकिंग कार्य करने वाले को प्राथमिकता)
वेतन चार अंकों में ....
पता : शॉप नंबर 12, रेलवे क्रासिंग के पास, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई
संपर्क : 9827806026, 8319932659



वर्ष- 15 अंक - 22 | www.shreekanchanpath.com | संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल | भिलाई, शनिवार 4 नवंबर 2023 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-


## खास-खबर

### पाकिस्तानी एयरबेस पर आतंकी हमला, 3 लड़ाकू विमान जलाए

**लाहौर।** पाकिस्तान में पिछले दो दिनों से एक के बाद एक आतंकी हमले हो रहे हैं। शनिवार की सुबह भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों ने पंजाब प्रांत में पाकिस्तानी वायुसेना के एक ट्रेनिंग एयरबेस पर हमला कर दिया। इसमें वहां खड़े तीन विमान जल गए। जवाबी कार्रवाई में सैनिकों ने तीन हमलावरों को मार गिराया। पाकिस्तानी सेना ने एक बयान में कहा कि आतंकवादियों ने शनिवार को उसकी वायुसेना के मियांवाली प्रशिक्षण हवाई अड्डे पर हमला किया, लेकिन सैनिकों ने तीन हमलावरों को मौके पर ही ढेर कर और तीन अन्य को घेरकर इस हमले को नाकाम कर दिया। बयान में कहा गया है कि तीन आतंकवादियों को अड्डे में घुसते वक्त मार गिराया गया, जबकि बाकी के तीन को समय रहते और सैनिकों की प्रभावी जवाबी कार्रवाई के कारण घेर लिया गया। इसमें कहा गया है कि इलाके को पूरी तरह सुरक्षित करने के लिए एक व्यापक संयुक्त और तलाशी अभियान अंतिम चरण में है।

### पाक पौज पर आतंकी हमला, 14 सैनिकों की मौत

पाकिस्तान में हुए एक आतंकी हमले में 14 सैनिकों की मौत हो गई। हमला उस समय किया गया जब सुरक्षा बलों को ले जा रहे सेना के दो वाहनों का काफिला ग्वादर जिले के पसनी से ओरमारा की ओर जा रहा था। इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के हवाले से पाकिस्तान के जिओ न्यूज ने यह खबर दी है। पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में शुक्रवार को आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों के दो वाहनों पर घात लगाकर हमला किया। बलूचिस्तान में शुक्रवार को हुआ आतंकवादी हमला इस साल का सबसे बड़ा हमला माना जा रहा है, जिसमें पाकिस्तानी सेना के सबसे ज्यादा सैनिक मारे गए हैं। पाकिस्तानी सेना की ओर से जारी एक बयान के मुताबिक, इलाके में सैनिटाइजेशन कैंपेन चलाया जा रहा है और इस जघन्य कृत्य को अंजाम देने वाले अपराधियों को पकड़कर न्याय के कठघरे में लाया जाएगा।


# कर्जमाफी की 'काट' नहीं ढूंढ पाई भाजपा

## घोषणा-पत्र में वायदों की झड़ी, ...पर जनता के भरोसे पर कितना खरा उतरेगी भाजपा?

श्रीकंचनपथ न्यूज़ डेस्क

भिलाई। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए पहले फेज की वोटिंग में अब ज्यादा दिन नहीं बचे हैं। भाजपा ने घोषणा-पत्र जारी कर वायदों की झड़ी लगा दी है। अब तक पार्टी नेताओं ने किसी रैली में कोई वादा नहीं किया था। कांग्रेस नेता रैलियों के जरिए ही अब तक 17 घोषणाएं कर चुके हैं। भाजपा ने किसानों के लिए धान और वनोपज की कीमत बढ़ाने का वादा किया है, जबकि इससे पहले तक इस पार्टी का स्टैंड अलग था। हालांकि, जानकारों का कहना है कि कांग्रेस के किसानों के लिए कर्ज माफी की घोषणा की काट इस घोषणा-पत्र में नहीं है।

भाजपा ने घोषणा की है कि उनकी सरकार बनने पर 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी होगी। 3100 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदी जाएगी। किसानों को एक मुश्त भुगतान किया जाएगा। राजनीतिक विश्लेषकों के मुताबिक, कांग्रेस सरकार 20 क्विंटल प्रति एकड़ धान ले रही है और 2800 रुपये का रेट दे रही है। कांग्रेस ने इसे बढ़ाकर 3000 रुपये तक करने का वादा किया है। वहीं, भाजपा ने इससे 100 रुपये ज्यादा का वादा कर दिया है। मगर, यह कांग्रेस के किसान कर्ज माफी की काट नहीं हो सकती है। भाजपा का यह वादा कि किसानों को रकम एक मुश्त दी जाएगी, यह कुछ समीकरण बदल सकता है, क्योंकि कांग्रेस सरकार अभी चार किश्तों में भुगतान करती है। भाजपा ने भूमिहीन खेतिहर मजदूरों को हर साल 10000 रुपये की आर्थिक मदद का वादा किया है। कांग्रेस सरकार अभी 8 हजार रुपये दे रही है।




### भाजपा ने क्यों बदला स्टैंड?

जानकारों का कहना है कि भाजपा ने धान और वनोपज को लेकर वादे करने में अपना स्टैंड बदला है। इसकी वजह यह है कि पिछले विधानसभा चुनाव में स्थानीय भाजपा नेता चाहते थे कि पार्टी धान और वनोपज के ज्यादा दाम देने का वादा करे, लेकिन ऐसा कोई वादा किया नहीं गया। अब भाजपा ने कांग्रेस सरकार से ज्यादा दाम देने का वादा अपने घोषणा-पत्र में शामिल किया है। भाजपा की कई अन्य राज्यों में भी सरकार है जो कृषि प्रधान है। ऐसे में उन राज्यों से भी धान और दूसरी फसल के ज्यादा दाम देने की मांग उठ सकती है। अगले साल लोकसभा चुनाव होने हैं तो ऐसे में भआजपा को इस मसले को भी हल करना पड़ सकता है। भाजपा ने हर विवाहित महिला को 12000 रुपये की वित्तीय सहायता हर साल देने का ऐलान किया है। यह एक तरह से मध्य प्रदेश में शिवराज सरकार की लाडली बहना स्कीम की तर्ज पर है।

### कैसे कायम हो भरोसा?

भाजपा के घोषणा-पत्र को लेकर जनता में भरोसा नहीं दिख रहा है। इसकी वजह यह है कि पार्टी ने पहले भी कई तरह की घोषणाएं और वायदे किए थे, जिन्हें पूरा नहीं किया गया। सवाल पूछा जा रहा है कि किसानों की आय दोगुना करने के वायदे का क्या हुआ? भाजपा केन्द्र में सत्तासीन है, ऐसे में पूरे देश में 5 सौ रूपए में गैस सिलेंडर और मजदूरों को 10 हजार रूपए सालाना देने से उसे किसने रोका है? भाजपा ने हर साल 2 करोड़ रोजगार देने, महंगाई कम करने, प्रत्येक व्यक्ति के खाते में 15-15 लाख रूपए जमा करवाने का वायदा किया था। दरअसल, मतदाताओं के मन में अविश्वास का भाव खुद भाजपा ने पैदा किया है। ऐसे में जनता के भरोसे पर खरा उतरना बहुत बड़ी चुनौती होगी। डॉ. रमन के सीएम रहते किसानों से प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान खरीदी को घटाकर 12 क्विंटल कर दिया गया था। ऐसे में सवाल यह है कि भाजपा 21 क्विंटल धान कैसे खरीदेगी?

### भाजपा के घोषणा पत्र में और क्या है

भाजपा ने हर विवाहित महिला को 12000 रुपये की वित्तीय सहायता हर साल देने का वादा किया है। अभी कांग्रेस सरकार में ऐसी कोई स्कीम है नहीं। वहीं, 500 रुपये में गैस सिलिंडर का भी वादा किया है, कांग्रेस भी सब्सिडी की बात कह चुकी है। शासकीय पदों पर दो साल के अंदर एक लाख भर्ती करने, प्रदेश में युवाओं को 50 फीसदी सब्सिडी के साथ ब्याज मुक्त कर्ज देने, छात्रों को कॉलेज आने-जाने के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से मासिक ट्रैवल अलाउंस देने का भी भाजपा ने वादा किया है। कांग्रेस पहले ऐलान कर चुकी है कि सरकार आने पर केजी से लेकर कॉलेज तक की पढ़ाई फ्री होगी। भाजपा के वादों को देखते हुए चुनाव में कुछ समीकरण तो चेंज होंगे। भाजपा ने हर वर्ग को छूने की कोशिश की है और पुरानी गलतियों को सुधारने की भी कोशिश की है। वहीं, अभी कांग्रेस का घोषणा-पत्र आना बाकी है, वह क्या वादे करते हैं यह देखना होगा।

### कर्ज लेकर होगी भरपाई.. तो अब तक विरोध क्यों?

प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी तो किसानों और मजदूरों की जेब में पैसे डालने के लिए कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने कर्ज लेकर धान खरीदी और बोनस की व्यवस्था की। भाजपा ने अपने घोषणा-पत्र में जो वायदे किए हैं, उसके बाद यह संभावना बलवती होती है कि भाजपा भी किसानों-मजदूरों, गृहणियों की जेब में रूपए डालने के लिए कर्ज की ओर उन्मुख होगी। ऐसे में सवाल यह है कि जो भाजपा अब तक भूपेश बघेल सरकार की कर्ज लेने की वजह से आलोचना करती रही, वह किस मुंह से कर्ज लेकर चुनावी घोषणा-पत्र के वायदे पूरे करेगी? दरअसल, भाजपा ने कई ऐसे वायदे भी कर दिए हैं, जिनको पूरा करना बेहद दुष्कर होगा। इन वायदों को पूरा करने के लिए एक वृहद विजन की दरकार होगी। मसलन, पांच साल में छत्तीसगढ़ को भाजपा विकसित राज्य कैसे बनाएगी? 1 लाख नौकरियों की भरपाई कैसे होगी? सबसे महत्वपूर्ण रायपुर, नया रायपुर, भिलाई और दुर्ग को मिलाकर स्टेट केपिटल रीजन बनाने की बड़ी और महत्वाकांक्षी योजना को अमलीजामा कैसे पहनाया जाएगा?

# मुकेश अंबानी को फिर मिले धमकी भरे ईमेल फिरौती न देने पर नतीजा भुगतने की चेतावनी

**मुंबई (एजेंसी)।** दिग्गज कारोबारी और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी को ईमेल के जरिए लगातार धमकी मिल रही है। मुंबई पुलिस ने बताया कि एक बार फिर धमकी भरे ईमेल मिले हैं। यह धमकी किसी ओर ने नहीं बल्कि उसी अज्ञात शख्स की ओर से दी गई है, जिसने ईमेल भेजकर 400 करोड़ रुपये की मांग की थी।



पुलिस ने बताया कि 31 अक्तूबर और एक नवंबर के बीच दो धमकी भरे ईमेल मिले हैं। साथ ही इसमें पहले भेजे गए मेलों को नजरअंदाज करने पर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है।

### पहले 20 फिर 200 और अब...

गौरतलब है, 26 अक्तूबर को सबसे पहले धमकी भरा ईमेल मिला था। इसमें धमकी देने वाले ने 20 करोड़ रुपयों की मांग की थी। बाद में कीमत बढ़ाकर 200 करोड़ रुपये कर दी थी। साथ ही रुपये न देने पर मुकेश अंबानी को गोली मारने की बात कही थी। इतना ही नहीं, फिर तीसरे ईमेल में 400 करोड़ रुपये की मांग की। अंबानी की आधिकारिक आईडी पर भेजे गए तीसरे ईमेल में लिखा था, 'आपकी सुरक्षा कितनी भी अच्छी क्यों न हो, हम फिर भी आपको मार सकते हैं। इस बार यह कीमत 400 करोड़ रुपये है और पुलिस मुझे ट्रैक और गिरफ्तार नहीं कर सकती।'

### बीते साल भी मिली थी धमकी

बता दें कि ये पहली बार नहीं है जब मुकेश अंबानी को इस तरह की धमकी मिली हो। इससे पहले, बीते साल मुकेश अंबानी और उनके परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी मिली थी। तब मुंबई पुलिस ने कॉल करके धमकी देने के आरोप में बिहार के दरभंगा से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था। आरोपी ने मुंबई के सर एच एन रिलायंस फाउंडेशन अस्पताल को भी बम से उड़ाने की धमकी दी थी।

# ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप गैरकानूनी नहीं, 28 फीसद जीएसटी लेता है केंद्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ में चुनाव से ठीक पहले महादेव बेटिंग ऐप घोटाले को लेकर सियासत गरमा गई है। एक दिन पहले ईडी की कार्रवाई में सीएम भूपेश बघेल का नाम आने पर बीजेपी हमलावर हो गई है। शनिवार को बीजेपी ने छत्तीसगढ़ सरकार की संलिप्तता पर सवाल उठाए तो कांग्रेस ने भी पलटवार किया और ईडी-केंद्र सरकार को निशाने पर लिया है। कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल, संचार विभाग के प्रमुख जयराम रमेश और राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने सिलसिलेवार आरोपों का जवाब दिया।

### बीजेपी के आरोपों पर कांग्रेस ने किया पलटवार

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ये प्रतिशोध की राजनीति है. ये बिल्कुल साफ दुरुपयोग है। ये इसलिए किया जा रहा है, क्योंकि छत्तीसगढ़ में बीजेपी की हार सुनिश्चित है। वहां सरकार का भरोसा बरकरार है। कांग्रेस की सरकार आ रही है. इसलिए चुनाव के आखिरी दिनों में ईडी का भरपूर दुरुपयोग किया जा रहा है। जयराम रमेश ने कहा, ऑनलाइन बेटिंग ऐप मामले में मार्च 2022 से छत्तीसगढ़ सरकार कार्रवाई कर रही है। ओडिशा, दिल्ली, मध्य प्रदेश में छापे मारे गए हैं। लेकिन, राज्य की पुलिस दुबई में छापे नहीं मार सकती है। केंद्र को कार्रवाई करनी है, लेकिन अब तक कुछ नहीं किया है। जयराम ने दावा किया कि ऑनलाइन बेटिंग ऐप को केंद्र सरकार ने कानूनी दर्जा दिया है। केंद्र सरकार ने इन ऐप पर 28 प्रतिशत जीएसटी भी लागू कर दिया है। ये गैरकानूनी नहीं है। इसे कानूनी बना दिया है।




### हम आलोचना करते थे, अब खुद गारंटी दे रहे

जयराम रमेश ने आगे कहा, प्रधानमंत्री जी रेवड़ी की आलोचना करते थे, हमारी गारंटी की आलोचना करते थे। कल बीजेपी ने जो घोषणा पत्र जारी किया है, वो सिर्फ नकलची घोषणा पत्र है। धान खरीदी मूल्य से लेकर सिलेंडर तक पर हमारी बात को दोहराया गया है। जब हमने कर्नाटक में गारंटी दी तो खूब आलोचना हुई। अब कह रहे हैं कि छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी होगी। ये सब क्या दिखाता है।

### ये ईडी है या बीजेपी का इलेक्शन डिपार्टमेंट

उन्होंने कहा, मार्च 2022 से लेकर अभी तक छत्तीसगढ़ पुलिस ने रायपुर, दुर्ग, जगदलपुर, अंबिकापुर 450 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पूरे प्रदेश में 72 केस दर्ज हुए हैं। सामूहिक रूप से 91 लैपटॉप, 85, मोबाइल, डेढ़ करोड़ रुपए जब्त किए गए हैं। अब 6 महीने से ईडी ने भी वही कार्रवाई शुरू कर दी। अब चुनाव चल रहे हैं तो एक कहानी सुनाई जाती है कि हमने ऐसे शख्स को पकड़ा है जो दुबई से पैसे लेकर छत्तीसगढ़ आया और यहां चुनाव के लिए पैसे दिए जाने थे। सबसे दुर्भायपूर्ण बात यह है कि पहले आरोप लगाएंगे और फिर अंत में कहते हैं कि मामले में जांच की जा रही है। इस मामले में छत्तीसगढ़ पुलिस पहले ही जांच कर चुकी है। सीएम ऑफिस से जुड़े कुछ सहयोगियों के नाम लिए जा रहे हैं, लेकिन चार्जशीट में उनके नाम तक नहीं हैं। ये ईडी है या बीजेपी का इलेक्शन डिपार्टमेंट है। या क्रूरता का एक सूचक है। आज ईडी ने विश्वसनीयता खो दी है। ये ईडी नहीं, बल्कि झूठ का कार्यालय है और झूठ का पुलिंदा है। तोता कह सकते हैं तो ये एक तोता है।

### केंद्र के इशारे पर ईडी ने छलांग लगाई

राज्यसभा सांसद अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा, छत्तीसगढ़ में बीजेपी बुरी तरह हारने जा रही है। यह भी सबको पता है कि बीजेपी की ईडी के साथ साझेदारी-सहयोग भी है। इसे आप गठबंधन भी कह सकते हैं। हार को करीब देखकर ये सहयोग तेजी से बढ़ रहा है। इसमें मजाकिया बात ये है कि डेढ़ वर्ष पहले छत्तीसगढ़ पुलिस जिस मामले में जांच करती है। बहुत सारी चीजें जब्त करती है और अभियुक्त बनाती है। फिर जब चुनाव बेहद करीब आता है तो दूसरा कोतवाल यानी ईडी की एंट्री होती है। चुनाव के 4 दिन पहले केंद्र सरकार के निर्देश पर ईडी ने छलांग लगाई है और कई कर्मचारियों के साथ प्रताड़ना की जाती है। ये जाहिर है कि ये ऐसे ही नकेल नहीं कस रहे हैं। क्योंकि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल जीत रहे हैं।

# जिसे वित्तीय सलाहकार बनाना चाहिए था...

श्रीकंचनपथ




जब सीने में जलन की भावना हो तो दूसरों की उपलब्धियां आंखों की किरकिरी बन जाती हैं। उसे बदनाम करने और उसके तौर-तरीकों पर सवाल उठाने वालों की कतारें लग जाती हैं। जब कानून में पर्याप्त दांत और नाखून न हों तो पूरा दारोमदार आरोप फैक्ट्री पर आ जाता है। कुछ ऐसा ही हो रहा है महादेव सट्टा ऐप के साथ। उधर महादेव ऐप का प्रमोटर अपनी शादी पर 200 करोड़ खर्च करता है और इधर चोरों के पेट में दर्द शुरू हो जाता है। पांच साल पहले छत्तीसगढ़ के भिलाई में जूस फैक्ट्री चलाने वाला एक 22-23 साल का युवक दुबई जाकर वहां के रईसों में अपना नाम लिखवा लेता है। उसका यह सफर कम रोमांचक या प्रेरणादायी नहीं है। देश के 99।99 प्रतिशत लोग पैसा बनाने में लगे हैं। कोई दवा उद्योग से पैसे बना रहा है, कोई शिक्षा उद्योग से तो कोई प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन से। इनमें से कुछ के सिर पर सरकार का हाथ है तो कुछ का हाथ स्वयं सरकार के ऊपर है। देश की प्राकृतिक संपदा को लूटकर पैसे बनाने से तो अच्छा है कि लोगों को सपने बेचे जाएं। 200-300 करोड़ या 5000-10000 करोड़ रुपए की रकम कोई बड़ी बात नहीं है जब निवेशकों या दांव लगाने वालों की संख्या 80-90 लाख के आसपास हो। अपनी गणित जरा कमजोर है, पाठक स्वयं हिसाब लगा लें कि प्रति व्यक्ति यह कितना बैठता है। सट्टे का नाम आते ही लोग कहने लगते हैं कि लोग बर्बाद हो रहे हैं। यह भी एक पूर्वाग्रह है। यह महाभारत काल नहीं है जब लोग अपना राजपाट, पत्नी सबकुछ दांव पर लगा देते थे और फिर भी धर्मराज कहलाते थे। लोग सौ-पचास लगाते रहते हैं और जीतते हैं तो पार्टी करते हैं। सवाल यह उठता है कि जब केन्द्र सरकार स्वयं आनलाइन बेटिंग को लीगल करने पर विचार कर रही है तो यह वास्तव में कितना खतरनाक है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस लोढ़ा कमेटी ने 2015 की रिपोर्ट में खेलों में सट्टेबाजी को वैध बनाने की सिफारिश की थी। 21वें विधि आयोग ने 2018 की रिपोर्ट में जुआ और सट्टेबाजी को कानूनी मान्यता देने की सिफारिश की थी। सरकार की भी इच्छा है कि इसे वैध करार देकर इसकी कमाई में हिस्सा बंटाया जाए। जब सरकार को इसमें जीएसटी मिलने लगेगा तो गरीबों के लिए यही सट्टा पुण्य हो जाएगा। बात-बात पर विदेशों का उदाहरण देने वालों को पता होना चाहिए कि इंग्लैंड, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूरोप जैसे देशों में सट्टेबाजी वैध है। वहां की सरकारें इससे मोटी कमाई करती हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक ऑस्ट्रेलिया को इससे 11 अरब डॉलर और कनाडा को करीब 15 अरब डॉलर की कमाई हो चुकी है। 65 प्रतिशत सट्टा टीम इंडिया के मैचों पर ही लगता है। जिस सौरभ चन्द्राकर को वित्त मामलों का सलाहकार बनाना चाहिए था, ईडी उसी को डंडा लेकर ढूंढ रही है।




## संपादकीय

# प्रदूषण का अंधेरा

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और उसके आसपास के शहरों में प्रदूषण की खतरनाक धुंध का गाढ़ा होना न केवल दुखद, बल्कि गंभीर चिंता की बात है। दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) शुक्रवार सुबह 11 बजे 475 पाया गया, जो पिछले साल से ज्यादा है और अब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में लोग आमतौर पर इस प्रदूषण को अपनी सांसों व आंखों में महसूस करने लगे हैं। वायु गुणवत्ता बहाल करने के लिए हरसंभव उपाय करने की जरूरत आ खड़ी हुई है। आने वाले दिनों में अगर वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) खराब होती वायु गुणवत्ता के बीच प्रदूषण-रोधी उपायों को बढ़ाने के लिए ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान (ग्रैप) के चरण चार को लागू रखे, तो ज्यादा बेहतर है। शुक्रवार को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में प्रदूषण की जो गंभीर स्थिति बनी है, उसे नजरंदाज नहीं किया जा सकता। यह पूरी जिम्मेदारी से काम करने का समय है। कहीं न कहीं सरकारों व सरकारी एजेंसियों के बीच समन्वय की कमी है, जिसकी वजह से ऐसे प्रदूषण के हालात बार-बार या हर साल बनने लगे हैं। इतना तो कोई भी बता सकता है कि प्रदूषण के खिलाफ बातें तो खूब हुई हैं, लेकिन वाजिब कदम नहीं उठाए गए हैं। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में ऐसे अनेक इलाके हैं, जहां प्रदूषण से बोझिल हवा व धुंध की वजह से 500 मीटर के बाद की चीजें भी नहीं दिखाई पड़ रही हैं। जो लोग इसके जिम्मेदार हैं, वे मुंह चुराने में जुटे हैं। आम तौर पर रात के समय प्रदूषण बढ़ जा रहा है, तो इसमें पराली की भूमिका समझी जा सकती है। चूंकि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार और हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की गठबंधन सरकार है, इसलिए भी एक तरह की चुप्पी दिल्ली में दिख रही है। इस चुप्पी का उपचार पूरी विशेषता के साथ करना चाहिए। अनेक मौकों पर प्रदूषण की शिकायत सुप्रीम कोर्ट में भी पहुंची है और कुछ उपाय और पैमाने निर्धारित हुए हैं, मगर जमीन पर उन्हें आजमाने में कोताही बरती गई है। वास्तव में, प्रदूषण की समस्या को जलभराव की समस्या की तरह लिया जाने लगा है। जैसे शहर में जलभराव को 365 दिनों में से 15 दिन की समस्या माना जाने लगा है, वहीं प्रदूषण को महीने भर की समस्या मानकर चलने की परिपाटी बनने लगी है। यह एहसास ही नहीं है कि प्रदूषण से हम लोगों की जिंदगी घटा रहे हैं। लोगों को जागरूक करने और प्रदूषण रोकने के लिए पाबंद करने में भी ढिलाई बरती जा रही है। आमतौर पर ग्रैप स्टेज चार को तब लागू किया जाता है, जब एक्यूआई 450 का आंकड़ा पार कर जाता है। इसके तहत दिल्ली में ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध के साथ-साथ निर्माण गतिविधियों आदि पर प्रतिबंध लग जाता है। विचार करना चाहिए कि इस स्तर की सतर्कता एक्यूआई के 300 पार करते ही क्यों न आजमाई जाए? यह समय मुंह चुराने का कतई नहीं है, जिम्मेदारी बांटने का है। दिल्ली ही नहीं, देश के उन तमाम शहरों के बारे में सोचना पड़ेगा, जो दुनिया के प्रदूषित शहरों में रोज गिने जाते हैं। दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों मे भारत के 17 शहर हैं। दुनिया के शीर्ष 13 प्रदूषित शहरों में सभी भारत के ही हैं। दक्षिण के शहरों से सभी को सीखना चाहिए, रांची की स्थिति अच्छी है, पर पटना और लखनऊ को सचेत हो जाना चाहिए। संभव है कि अगर छोटे शहर सचेत हो जाएं, तो बड़े शहरों में भी प्रदूषण घट जाए। अभी दिल्ली का दर्द सबको महसूस हो, इससे बेहतर कुछ नहीं।

" विचार करना चाहिए कि इस स्तर की सतर्कता एक्यूआई के 300 पार करते ही क्यों न आजमाई जाए? यह समय मुंह चुराने का कतई नहीं है, जिम्मेदारी बांटने का है। दिल्ली ही नहीं, देश के उन तमाम शहरों के बारे में सोचना पड़ेगा, जो दुनिया के प्रदूषित शहरों में रोज गिने जाते हैं। दुनिया के 20 सबसे प्रदूषित शहरों मे भारत के 17 शहर हैं।

## तैयार तो होना पड़ेगा

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल से उद्योग और कारोबार जगत में हलचल मचने की खबरें अब लगातार आ रही हैं। खासकर ऐसा विकसित अर्थव्यवस्थाओं में हो रहा है। एआई के उपयोग ने ऑटोमेशन की प्रक्रिया को और तेज कर दिया है। कम्प्यूटर और इंटरनेट के आगमन के साथ ऑटोमेशन प्रचलित हुआ था- अब उसका अगला चरण हमारे सामने है। अब छोटे और मध्यम आकार की कंपनियां भी ऑटोमेशन की तरफ बढ़ रही है। नतीजतन, कामगारों की संख्या लगातार घटती जा रही है। जर्मनी में जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक करीब 17 लाख लोगों के रिटायर होने के बाद उनकी जगहों को इनसान से नहीं भरा जा जाएगा। मानव संसाधन प्रबंधन सेवा मुहैया कराने वाली एक यूरोपीय कंपनी के मुताबिक रोबोटिक्स और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का ऑटोमेशन की उन्नत तकनीकों का असर बहुत ज्यादा होगा। लंबे समय में ये तकनीकें कामकाजी दुनिया में गेम चेंजर साबित होंगी। इंटरनेशनल फेडरेशन ऑफ रोबोटिक्स के मुताबिक कंपनियों के कामकाज में रोबोट्स के इस्तेमाल में 2018 के बाद से औसतन चार प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

विशेषज्ञों के मुताबिक बढ़ता ऑटोमेशन यह दिखाता है कि रोबोट्स का इस्तेमाल आसान हो गया है। इनकी प्रोग्रामिंग में अब खास हुनर की जरूरत नहीं पड़ती। ज्यादार रोबोड्स ऐसे इंटरफेस के साथ आ रहे हैं, जिनमें स्मार्टफोन जैसे टचस्क्रीन हैं। इनसे बेशक कंपनियों में कामकाज आसान हुआ है। लेकिन रोजगार के मोर्चे पर चुनौती बढ़ रही है। तजुर्बा यह है कि हर तकनीक अपने साथ नई संस्कृति लेकर आती है। उससे कुछ रोजगार विलुप्त होते हैं, तो कुछ नए रोजगार पैदा भी होते हैँ। मगर एआई संचालित ऑटोमेशन एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसके इस्तेमाल से कितने नए अवसर पैदा होंगे, कहना कठिन है। ऑटोमेशन के पिछले दौर में बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर घटे थे। बहरहाल, यह मुद्दा रोने का नहीं है। इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि प्रगति और आविष्कारों को रोका नहीं जा सकता है। इसलिए चुनौती यह है कि समाज और सरकारें नई बन रही कार्य संस्कृति के मुताबिक योजनाएं अभी से बनाएं। जो ऐसा करने में चूकेगा, आने वाले युग में उसकी मुसीबत बढ़ जाएगी।

## राहुल अभी 12, तुगलक लेन में नहीं लौटे हैं

कांग्रेस नेता राहुल गांधी लगता है कि अब अपने पुराने सरकारी आवास में नहीं लौटेंगे। सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद उनकी लोकसभा सदस्यता बहाल हुए दो महीने से ज्यादा हो गए हैं। उसके बाद लोकसभा की हाउस कमेटी ने उनको फिर से 12, तुगलक लेन का मकान आवंटित कर दिया लेकिन राहुल उसमें रहने नहीं गए हैं। उन्होंने अपना कार्यालय भी वहां चालू नहीं किया है। वे अब भी अपनी मां सोनिया गांधी को आवंटित आवास 10, जनपथ से ही काम कर रहे हैं। वहीं पर उन्होंने अपना कार्यालय बनाया था। जब उनकी सदस्यता खत्म की गई थी तब खबर आई थी कि वे पूर्वी निजामुद्दीन में संदीप दीक्षित के मकान में अपना कार्यालय बना सकते हैं लेकिन उस बारे में भी खबर नहीं है। ध्यान रहे राहुल गांधी को 12, तुगलक लेन का मकान 2004 में आवंटित हुआ था, जब वे पहली बार चुनाव जीत कर सांसद बने थे। उस समय उनको एसपीजी की सुरक्षा मिली हुई थी इसलिए बड़ा बंगला आवंटित हुआ। उसके बाद करीब 19 साल तक वे उसी बंगले में रहे। राहुल के कुछ करीबी लोगों के हवाले से कहा जा रहा है कि बंगला उनके लिए बहुत लकी नहीं रहा। हालांकि उस बंगले में जाने के बाद ही 2009 में कांग्रेस को ज्यादा बड़ी जीत मिली थी। बहरहाल, वास्तु दोष की जो भी बात हो उससे ज्यादा मैसेजिंग का मामला है। राहुल बार बार अपनी सभाओं में कह रहे हैं कि उनकी सांसदी छीन ली गई थी और घर भी छीन लिया गया था। इसलिए ऐसा लग रहा है कि अगले साल के लोकसभा चुनाव से पहले वे उस बंगले में नहीं लौटेंगे।

" बस्तर क्षेत्र में कांग्रेस का प्रभाव रहा। पहले जनसंघ और फिर आपातकाल के बाद बनी भाजपा ने अविभाजित मध्यप्रदेश के इन दुर्गों को ढहाने की बहुत कोशिश की। लेकिन बस्तर कांग्रेस के प्रभाव में रहा तो दुर्ग के किले अजित जोगी ने थामें रखे। इससे पहले लंबे समय तक दुर्ग की सियासत पर कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा का प्रभाव बना रहा।

# पहले चरण में बस्तर-दुर्ग से रण का आगाज

वेद विलास उनियाल

एक तरह से पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव का आगाज छत्तीसगढ़ के बस्तर व दुर्ग की बीस सीटों के चुनाव के साथ ही हो जाएगा। पांच राज्यों में छत्तीसगढ़ अकेला राज्य है जहां दो चरणों में चुनाव है। जहां राजस्थान और मध्य प्रदेश जैसे बड़े राज्यों में एक ही दिन में चुनाव संपन्न होने हैं, वहीं छत्तीसगढ़ में सुरक्षा कारणों से 90 सीटों का मतदान दो अलग-अलग चरणों में है। वैसे सात नवंबर को मिजोरम में भी मतदान होना है। लेकिन चुनाव का खास फोकस छत्तीसगढ़ के बस्तर दुर्ग के इलाकों में है। यहां बस्तर की बारह और दुर्ग क्षेत्र की आठ सीटों पर मतदान होना है। बस्तर के सुकमा, दंतेवाड़ा, बीजापुर, नारायणपुर व कांकेर नक्सलवाद प्रभावित क्षेत्र रहे हैं। लेकिन धीरे-धीरे इसका प्रभाव कम होता दिख रहा है। इसे इन क्षेत्रों में बढ़ते मतदान प्रतिशत से भी देखा जा सकता है। जहां 2003 में बस्तर क्षेत्र में 65 प्रतिशत मतदान हुआ था, वहां पिछली बार 2018 में यहीं मतदान 75 प्रतिशत हुआ है। नब्बे के दशक में चालीस-पैंतालीस प्रतिशत मतदान भी बहुत मान लिया जाता था।

छत्तीसगढ़ की नब्बे सीटों में बस्तर, दुर्ग की 20 सीटें आती हैं। बस्तर की बारह सीटों में 11 एसटी के तहत आती हैं। एक एसटी सीट दुर्ग की है। कहा यही जाता है कि छत्तीसगढ़ की सत्ता की चाबी बस्तर-दुर्ग से आती है। बस्तर दुर्ग का क्षेत्र अलग-अलग कारणों से हमेशा सुर्खियों में रहा है। सियासत में इसका महत्व रहा है। कभी बस्तर पर कांग्रेस का प्रभाव रहता था। फिर बीजेपी ने 2003 में इसमें सेंध लगाई। रमन सिंह के नेतृत्व में बीजेपी की सत्ता 15 साल बनी रही। एक बार फिर कांग्रेस ने इस चक्र को तोड़ा। छत्तीसगढ़ की सत्ता के साथ-साथ बस्तर दुर्ग में अपना प्रभाव बनाए रखने के लिए कांग्रेस-भाजपा में संघर्ष हो रहा है। बस्तर दुर्ग के इलाकों का सियासी महत्व इस बात पर भी है कि दुर्ग की राजनांदगांव की सीट पर बीजेपी नेता रमन सिंह चुनाव लड़ते हैं, वहीं चित्रकोट की प्रतिष्ठित सीट पर कांग्रेस ने अपने प्रदेश अध्यक्ष सांसद दीपक बैज को ही चुनाव में उतारा है। बस्तर-दुर्ग के इन इलाकों में आदिवासी दलित मतदाताओं की संख्या को देखते हुए यूपी से उतरी पार्टी बसपा भी अपनी संभावनाएं देखती है और यहां की स्थानीय क्षेत्रीय पार्टियों के साथ गठबंधन करके चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की कोशिश करती है। यही स्थिति आप पार्टी की भी है। वह भी इन क्षेत्रों को मथने का प्रयास कर रही है। बस्तर दुर्ग में जमीन, जंगल व कृषि के सवाल ही अहम रहे। सियासी दलों के गुणा-भाग भी इन्ही मुद्दों के आसपास रहे।



बस्तर क्षेत्र में कांग्रेस का प्रभाव रहा। पहले जनसंघ और फिर आपातकाल के बाद बनी भाजपा ने अविभाजित मध्यप्रदेश के इन दुर्गों को ढहाने की बहुत कोशिश की। लेकिन बस्तर कांग्रेस के प्रभाव में रहा तो दुर्ग के किले अजित जोगी ने थामें रखे। इससे पहले लंबे समय तक दुर्ग की सियासत पर कांग्रेस नेता मोतीलाल वोरा का प्रभाव बना रहा।

आखिर छत्तीसगढ़ बनने के बाद पहले चुनाव में बीजेपी ने बस्तर में कांग्रेस को पूरी तरह धराशायी कर यहां की सभी बारह सीटों पर जीत हासिल कर अपना परचम फहराया। बीजेपी को राज्य में जो 50 सीटें हासिल हुई थीं, उसमें एक-तिहाई से ज्यादा 15 सीटें इसी बस्तर-दुर्ग क्षेत्र से हासिल हुई थीं। डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में बीजेपी ने अगला विधानसभा चुनाव भी जीता। साथ ही बीजेपी के मत-प्रतिशत में भी बढ़ोतरी हुई। इस बार भी कांग्रेस नई बनी पंडरिया, खुज्जी, मोहला, मानपुर और कोंटा की सीट जीत सकी। लेकिन राजनादगांव की सीट रमन सिंह के सामने गंवा दी। वर्ष 2013 के चुनाव में डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में बीजेपी की हैट्रिक जरूर बनी। लेकिन कांग्रेस की चुनौती सामने आई। कांग्रेस ने बस्तर की आठ सीटें जीतीं। बीजेपी केवल चार सीट जीत सकी। भाजपा की दूसरे क्षेत्रों की सीटों के सहारे ही सरकार बनी। बीजेपी की सीटें लगभग पिछले आंकड़ों पर 49 बनी रहीं। 2018 में कांग्रेस ने 43 प्रतिशत मत लेकर 68 सीटें हासिल की। बीजेपी तब 15 में ही सिमट गई। कांग्रेस ने बस्तर की 12 में 11 सीटें हासिल कीं। बाद में उपचुनाव में कांग्रेस ने बारहवीं सीट भी हासिल कर ली।

दुर्ग और बस्तर के किले ढह गए। इसे इस बात से समझा जा सकता है कि सीएम रमन सिंह की राजनांदगांव और दंतेवाड़ा की सीट ही बीजेपी बचा सकी। दरअसल, छत्तीसगढ़ के इस क्षेत्र में बीजेपी के लिए जो परिणाम 2013 में आए थे, उस संकेत को बीजेपी समझ नहीं पाई। आदिवासियों में जो नाराजगी थी उसे बीजेपी ने साधने की कोशिश नहीं की। खासकर नौकरशाही के प्रति लोगों की शिकायत का चुनाव पर सीधा असर पड़ा। कांग्रेस अपने मुद्दों को ज्यादा ठोस तरीके से जनता तक ले गई। तीन बार की सरकार का इंटर इनकम्बेंसी को भी कांग्रेस ने भुनाया। एमएसपी की कमजोर दरों को लेकर भी रोष रहा। माना गया कि वामपंथी ताकतों ने भी पूरा जोर बीजेपी को हराने और कांग्रेस को जिताने पर लगाया। पिछला चुनाव कांग्रेस ने बेहतर रणनीति के साथ लड़ा।

छत्तीसगढ़ में चुनाव के लिए पहले चरण में बीजेपी ने जहां पिछली गलतियों से सबक लेकर सावधानी से कदम उठाया है, वहीं कांग्रेस भूपेश बघेल सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं का खाका जनता के सामने रख रही है। बस्तर-दुर्ग के इलाकों में जोरदार संघर्ष है। बीजेपी ने एक बार फिर आदिवासियों के क्षेत्र में पैठ बनाने की कोशिश की है। छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव के पहले चरण का रण बस्तर और दुर्ग के उन इलाकों में है, जहां बीजेपी अपने पुराने गढ़ों को फिर से पाने की मशक्कत कर रही है। बस्तर के क्षेत्र पर ध्यान दिया जा रहा है। बीजेपी ने चुनाव के लिए रमन सिंह को चेहरा तो नहीं बनाया लेकिन रमन सरकार के 15 सालों के काम भी गिनाए जा रहे हैं। साथ ही लोगों को बताया जा रहा है कि केंद्र में मोदी सरकार के चलते माओवादी हिंसा थमी है। इस बार इन क्षेत्रों में धर्म परिवर्तन का मुद्दा अंदर ही अंदर सुलग रहा है। बस्तर में बीजेपी ने चार पूर्व मंत्रियों को फिर से टिकट दिया है। बस्तर से बीजेपी ने आठ नए चेहरे मैदान में उतारे हैं। साथ ही प्रधानमंत्री मोदी सीधे अपने नाम पर वोट मांग रहे हैं। वहीं कांग्रेस के लिए बेशक राहुल गांधी-प्रियंका स्टार प्रचारक कहे जा रहे हों लेकिन असली कमान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ही थामी है। कांग्रेस ने भी हर वर्ग के मतदाताओं को साधने की कोशिश की है। सीएम बघेल अपने शासन की उपलब्धियों को जनता के सामने रख रहे हैं। इन क्षेत्रों में आदिवासियों को प्रभावित करने की कोशिश हुई हैं। तेंदुपत्ता खरीद दरों पर चार हजार रुपया प्रति बोरी बढ़ाया गया है। कांग्रेस की गारंटियों की भी खासी चर्चा है। कांग्रेस ने भी बीजेपी की तर्ज पर चित्रकोट की सीट पर सांसद दीपक बैज को चुनाव लड़ाया है। कांग्रेस ने बस्तर में अपने 12 प्रत्याशियों में से सात को फिर से मौका दिया है। चित्रकोट, दंतेवाड़ा, अंतकोट और कांकेर में कांग्रेस ने प्रत्याशी बदले हैं।

छत्तीसगढ़ के चुनाव में बसपा और गौंडवाना गणतंत्र पार्टी ने गठबंधन किया है। बसपा का आधार छत्तीसगढ़ के मैदानी इलाकों में देखा जाता है। जबकि गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का आधार आदिवासी इलाके हैं। बसपा 53 और गौंडवाना गणतंत्र पार्टी 37 सीटों पर लड़ रही है। निश्चित ही बस्तर और दुर्ग में इनकी अपनी कोशिश होगी। दोनों ने जल, जंगल और जमीन को मुद्दा बनाया है। बसपा ने 2018 में जांजगीर की जैजेपुर और पामगढ़ सीट जीती थी और चुनाव में 3.87 मत हासिल किए थे। बसपा की उस समय की सहयोगी पार्टी जेसीसीजे ने पांच सीट हासिल कर चौंकाया था। आप की कोशिश भी यहां अपना आधार बढ़ाने की है। इन क्षेत्रीय पार्टियों के अलावा सियासी दलों के असंतुष्ट बागियों के भी अपने खेल हैं। कांग्रेस-बीजेपी की इन पर भी नजर है।

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।**

# स्थितियां न सुधरीं तो जारी रहेगा संरक्षण

बी आर आंबेडकर, संविधान निर्माता

श्रीमान, मैं चार ही संशोधनों के विषय में कुछ शब्द कहना चाहता हूं। ...मैं देखता हूं कि यद्यपि इस सदन में जो प्रतिवेदन पेश किया गया था, उसमें आंग्ल भारतीयों को मनोनयन द्वारा प्रतिनिधित्व देने के विषय में कोई कालावधि नहीं रखी गई थी, मगर मैं देखता हूं कि उस प्रतिवेदन पर बाद में जो वाद-विवाद हुआ, उसमें मेरे मित्र पंडित भार्गव ने एक संशोधन पेश किया था, ... उनका वह संशोधन सदन द्वारा पहले ही स्वीकृत हो गया था, इसलिए अब मैं उनके इस संशोधन को स्वीकार करने के लिए बाध्य हूं।

आगे नजीरुद्दीन अहमद द्वारा उठाए गए प्रश्न के विषय में मेरा ख्याल है कि उसके एक भाग की मंशा तो मेरे मित्र कृष्णमाचारी के संशोधन द्वारा, जिसे मैं स्वीकार करता हूं, पूरी हो गई है। इस समय मैं स्वयं अच्छी तरह नहीं समझ रहा कि क्या इस खंड का यह अर्थ है कि यह कालावधि इस संविधान की शुरुआत से शुरू होगी या नई संसद के प्रथम निर्वाचन की तारीख से आरंभ होगी। हालांकि, इस समय तो मैं यही कह सकता हूं कि इस मामले पर मसविदा समिति विचार करेगी और आवश्यक होगा, तो वह इस प्रकार का संशोधन पेश करेगी कि यह कालावधि प्रथम संसद के प्रथम अधिवेशन से आरंभ होगी।



मेरे मित्रों, मुनिस्वामी पिल्लै और मनमोहन दास ने जो युक्तियां पेश की हैं, उनके विषय में मुझे खेद है कि उस संशोधन को स्वीकार करना मेरे लिए संभव नहीं है। उनकी प्रस्थापना यह है कि वे इस खंड को वर्तमान रूप में छोड़ने के लिए तैयार हैं, पर संसद को यह शक्ति देना चाहते हैं कि वह दस वर्ष की कालावधि को बढ़ाकर इस खंड को बदल सकती है। अब हमने यह मामला सर्वप्रथम इस संविधान में रखा है और मैं नहीं समझता कि हमें इस विषय में किसी परिवर्तन की अनुमति देनी चाहिए, जब तक कि संविधान ही संशोधित न कर दिया जाए।

मैं अनुसूचित जातियों के सदस्यों द्वारा कही गई बातों के विषय में एक-दो शब्द कहना चाहता हूं, जो कुछ आवेशपूर्ण और जोरदार शब्दों में इस अनुच्छेद द्वारा निश्चित सीमा के विषय में बोले हैं। मुझे कहना होगा कि उनके लिए शिकायत का कारण नहीं है, क्योंकि दस वर्ष की सीमा रखने का निश्चय उन्हीं की सहमति से किया गया है। मैं स्वयं अधिक समय के लिए जोर डालना चाहता था, क्योंकि मैं समझता हूं कि जहां तक अनुसूचित जातियों का संबंध है, उनके साथ अन्य अल्पसंख्यकों के समान व्यवहार नहीं होता है। उदाहरण के लिए, जहां तक मुझे पता है, मुसलमानों के लिए विशेष आरक्षण 1892 में आरंभ हुआ था; कहना चाहिए कि उस समय श्रीगणेश हो गया था। अत: मुसलमान लगभग 60 साल तक विशेषाधिकारों का उपयोग करते रहे हैं। ईसाइयों को यह विशेषाधिकार 1920 के विधान में मिला था और उन्होंने 28 वर्ष तक उसका उपभोग किया है। अनुसूचित जातियों को यह विशेष आरक्षण केवल 1935 के विधान में मिला है। इस विशेष आरक्षण का आरंभ कार्यरूप में 1937 में हुआ, जब वह संविधान लागू हुआ। उनके लिए यह दुर्भाग्य की बात है कि वे इससे लाभ केवल दो वर्ष तक उठा सके, क्योंकि वास्तव में 1939 से अब तक या 1946 तक विधान विलंबित रहा और अनुसूचित जातियां उन विशेषाधिकारों से लाभ नहीं उठा सकीं, जो उन्हें 1935 के अधिनियम में मिले थे, और मेरे विचार में सदन के लिए यह बिल्कुल उचित होता और उदारता होती कि वह अनुसूचित जातियों को इन आरक्षणों के विषय में अधिक समय दे देती, किंतु जैसा कि मैंने कहा, यह सब सदन ने स्वीकार किया।

...मेरे विचार में अब उपबंधों को बदलना ठीक नहीं है। यदि दस वर्ष के अंत में अनुसूचित जातियां यह देखें कि उनकी स्थिति सुधरी नहीं है या वे इस कालावधि को और बढ़ाना चाहती हैं, तो इस संरक्षण को प्राप्त करने के लिए उपाय ढूंढ़ना उनकी शक्ति या बुद्धि से परे की वस्तु नहीं होगी।

...अनुसूचित आदिम जातियों के लिए मैं और भी लंबा समय देने के लिए तैयार हूं, किंतु जो लोग अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित आदिम जातियों के आरक्षणों के विषय में बोले हैं, उन्होंने ऐसी बाल की खाल निकाली है कि यह चीज दस वर्ष के पश्चात समाप्त हो ही जानी चाहिए। मैं तो उन्हें एडमंड वर्क के शब्दों में यही कहना चाहता हूं कि महान साम्राज्य तथा छोटे दिमाग एक-दूसरे से मेल नहीं खाते।

**( संविधान सभा में दिए गए उद्बोधन से )**

# दस साल बाद आरक्षण समाप्त हो जाएगा

महावीर त्यागी, वरिष्ठ नेता व संविधान सभा सदस्य

यह जो अनुसूचित जाति के आरक्षण का सवाल अंग्रेजों के जमाने में उठा था। उस वक्त उनकी नीति ही ऐसी थी, मुसलमानों के आरक्षण का सवाल उठाकर उन्होंने हिन्दुस्तान में हिंदू और मुसलमान को आपस में दो कौमें बनाकर खड़ा कर दिया और उसका आखिरी नतीजा पाकिस्तान हुआ। उन दिनों में अंग्रेजों की नीति हिन्दुस्तान में फूट डालकर अपनी हुकूमत चलाने की थी। उसी नीति के अनुसार, गोलमेज बैठक के समय पहली मर्तबा अंग्रेजों ने अनुसूचित जाति को दूसरी जातियों से अलग करके उनका चुनाव अलग कराने की कोशिश शुरू की थी। महात्मा गांधी ने उस समय यह ऐलान किया था कि यदि इस तरह से हिन्दुस्तान में और एक दूसरी पार्टी अनुसूचित जाति की बनाई गई, तो वह आमरण अनशन करेंगे। उसका नतीजा यह हुआ कि अनुसूचित जाति के लोग मुसलमानों की तरह ऐसे अलग तो नहीं हो सके कि उनका चुनाव तमाम हिंदुओं से अलग हो जाए, फिर भी ऐसा कर दिया कि उनके वास्ते आबादी के मुताबिक कुछ जगहें मुकर्रर कर दी गईं।...

अब जब हम चौदह बरस के बाद फिर से उनकी जगहें मुकर्रर करते हैं और तय करते हैं कि उनकी सीटें आरक्षित रहेंगी, तो ऐसे वक्त में हमें पुराना तजुर्बा नहीं भूलना चाहिए। ...अलग सीटें देने से एक तो फायदा यह हुआ कि अनुसूचित जाति के अंदर जिंदगी पैदा हुई। ...परंतु देखना यह है कि इस किस्म के आरक्षण का फायदा वाकई कहां पहुंचता है? ...आरक्षण की जो बात है, उसका लाभ तो सारे अनुसूचित जाति वालों को नहीं पहुंचता है। अनुसूचित जातियों की तादाद 500-600 है, उनके नाम भी हमें नहीं मालूम और उनका असेंबली में आना तो हमेशा के लिए असंभव है। ...एक बात मैं और कहना चाहता हूं। वह यह कि यह आरक्षण जो आज तक हमने दिया है, उसका एक असर यह भी पड़ रहा है कि अनुसूचित जाति वाले अपना एक अलग



सा समूह बनाते जा रहे हैं और अगर यह थोड़े दिनों और जारी रहा, तो अनुसूचित जाति के नेता वही करेंगे, जो मुस्लिम लीग ने किया था। उनको मंत्रालय मिलना, असेंबली की सदस्यता मिलना तभी तक मुमकिन है, जब तक कि उनकी सीटों का आरक्षण है। ऐसे में, देश से यह अलगाववादी प्रवृत्ति दूर नहीं हो सकती। मैं तो समझता हूं कि किसी भी प्रकार का आरक्षण नहीं होना चाहिए।

हमारे उत्तर प्रदेश के अंदर अभी-अभी पंचायतों के सिलसिले में चुनाव हुआ। सदन को यह सुनकर ताज्जुब होगा कि इन पंचायतों के सरपंचों का चुनाव मुश्तरका (एक साथ) था। हमारे पूर्वी जिलों में आधी से ज्यादा ऐसी पंचायतें हैं, जहां अनुसूचित जाति का व्यक्ति सरपंच चुना गया। ...मेरा तो अपना विश्वास है कि आरक्षण रखे बिना भी अनुसूचित जाति के लोग अपने बराबर की तादाद में चुनकर आ सकते हैं और दस वर्ष बाद आप देख लीजिएगा कि इससे भी ज्यादा तादाद में वे लोग आएंगे। ...बदकिस्मती यह है कि ब्राह्मणों में जो बेचारे अनुसूचित जातियों से भी ज्यादा गरीब हैं, उनकी तरफ कोई सोचता नहीं है। इसी तरह खत्री, राजपूत और सभी कौमों में कुछ लोग और परिवार ऐसे हैं, जिनको गांव में रहने की वजह से पढ़ने-लिखने और रुपये कमाने का अवसर नहीं मिला। उनके लिए इस विधान में कोई गुंजाइश नहीं है। ...अनुसूचित जातियों के जो असली प्रतिनिधि हैं, उनके लिए अंग्रेजी राज के हट जाने पर भी गुंजाइश नहीं है। अनुसूचित जातियों में से डॉ आंबेडकर जैसे लोग आएंगे, जो हर तरह से काबिल हो गए हैं...। डॉ आंबेडकर कहां अनुसूचित जाति के हैं? जो पंडितों के पंडित हैं। वह तो अनुसूचित जाति का फायदा उठाते हैं। डॉ आंबेडकर तो देश के किसी कोने से अपनी निजी ताकत से आ-जा सकते हैं।

इसलिए... मुझे आरक्षण से कोई लाभ नहीं दीखता और इससे भी असली नुमाइंदे नहीं आ पाते हैं। वे तो तभी आएंगे, जब हम अपनी जेहनियत को बदल दें और पुराने हिन्दुस्तानी तरीके पर लोगों का चुनाव करें, ईमानदारी, काबिलियत, जेहनियत, जनसेवा और अक्ल के आधार पर चुनाव करें। मगर हम तो अंग्रेजी के चक्कर में इतना फंस गए हैं कि जिसने अंग्रेजी के चार आखर पढ़ लिए, वही देश की नुमाइंदगी का हकदार हो जाता है। इतना कहने के बाद मैं समझता हूं कि यह अच्छा है। दस वर्ष तक उनको और अवसर मिलेगा, उसके बाद यह चला जाएगा और दस वर्ष बाद चुनाव कतई मुश्तरका रहेगा।

**( संविधान सभा में दिए गए उद्बोधन से )**

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करे:-
9827806026,
7869620239

Sargam
Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair

DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी


JITU'Z
CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बेंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM




## खास खबर

### सेक्टर अधिकारी अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाओं को करें सुनिश्चित- कलेक्टर

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने कहा कि सेक्टर अधिकारी अपने निर्वाचन क्षेत्र के मतदान केंद्रों में सभी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करें। मतदान केंद्रों में यदि कोई कमीपेशी है तो तत्काल सुधार करवाएं। कलेक्टर शुक्रवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में विधानसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सेक्टर अधिकारियों की समीक्षा बैठक ले रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सेक्टर अधिकारियों को रूटचार्ट के आधार पर मतदान केंद्रों का जायजा लें साथ ही मतदान केंद्रों में लगाएं गए सीसीटीवी की स्थिति को सभी की विजिबिलिटी के आधार पर स्थापित करने, केंद्र में आसपास चुनाव से सम्बंधित प्रतीकात्मक कोई चिन्ह है उसे हटाने सहित मतदान केंद्र में प्रदर्शित मतदाता सूची को अद्यतन जानकारी करने के निर्देश दिए। साथ ही अपने रूट चार्ट का जीपीएस ट्रैक को अद्यतन करवाने कहा गया। बैठक में स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री वितरण की व्यवस्थाओं को नक्शा के माध्यम से जानकारी दी गई ताकि सेक्टर अधिकारी अपने मतदान दलों को सामग्री वितरण और वाहन पार्किंग से अवगत हो। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप कार्यक्रम प्रभारी प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मंडावी, विधानसभा बस्तर के रिटर्निंग अधिकारी ओपी वर्मा सहित सातों जनपद के सीईओ उपस्थित थे।

### शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य में सभी सहयोग दें- प्रेक्षक

**रायपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जिले की रायपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के लिए नियुक्त प्रेक्षक आई डब्ल्यू इंगटी ने प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मुखातिब होते हुए कहा कि जिले में निर्विघ्न व शांतिपूर्ण निर्वाचन कार्य संपन्न कराने में सभी अभ्यर्थीगण व राजनीतिक दल अपना पूर्ण सहयोग दें। यदि चुनाव से संबंधित किसी प्रकार की शिकायत या सुझाव उनके पास हैं तो वे अपने से संबंधित प्रेक्षक के समक्ष रखें न कि स्वयं कोई कदम उठाएं, प्रेक्षकों ने कहा कि कोई भी अभ्यर्थी या राजनैतिक दल के प्रतिनिधि चुनाव के दौरान ऐसा कोई भी कार्य न करे जिससे कि आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन हो। प्रेक्षक इंगटी ने आज रायपुर पश्चिम विधानसभा से निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों और राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की । बैठक के दौरान अभ्यर्थियों या उनके प्रतिनिधियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों, उठाई गई शंकाओं का समाधानकारक उत्तर प्रेक्षक और रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा दिया गया। बैठक में सहायक व्यय प्रेक्षक द्वारा अभ्यर्थियों के द्वारा आय और व्यय के आंकड़े दिनांक 04 नवंबर,08 नवंबर और 14 नवंबर को स्वयं या उनके इलेक्शन एजेंट के द्वारा आवश्यक रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।बैठक में रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा ईवीएम के रेंडमाइजेशन,मतदान दिवस के दिन मॉक पॉल,स्ट्रॉन्ग रूम में संग्रहण और गणना हेतु कंट्रोल यूनिट के निर्गमन के समय अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों के उपस्थिति के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में इंगटी ने अभ्यर्थियों, प्रतिनिधियों से आग्रह करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सभी अपना सहयोग दें तथा ऐसा कोई भी कदम न उठाएं जिससे शांति व्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ें। उन्होंने कहा कि यदि अभ्यर्थी को किसी से कोई शिकायत है तो वे जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन से अपनी शिकायत कर सकते हैं। प्राप्त शिकायतों पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा।

# हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में मतदाता जागरूकता हेतु रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं छाता रैली का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। हेमचंद यादव विष्वविद्यालय, दुर्ग में आज एनएसएस इकाई द्वारा नये मतदाताओं तथा कर्मचारियों, अधिकारियों एवं छात्र–छात्राओं को शत–प्रतिषत् मतदान करने हेतु जागरूकता उत्तपन्न करने के उद्देष्य से विष्वविद्यालय परिसर में मतदान पर केन्द्रित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक तथा छाता रैली का आयोजन किया गया।



यह जानकारी देते हुए विष्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक, डॉ. आर. पी. अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम के आरंभ में विष्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने मतदान से संबंधित छातों पर लिखे गये विभिन्न स्लोगन वाली छात्र–छात्राओं की रैली को अत्यंत उपयोगी बताया। कुलपति, डॉ. पल्टा ने समस्त उपस्थित जनों को शत–प्रतिषत् मतदान करने हेतु शपथ दिलायी। कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप ने राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलायी।

डॉ. आर. पी. अग्रवाल ने बताया कि आज के इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में दुर्ग एवं भिलाई के विभिन्न महाविद्यालयों के एनएसएस अधिकारी, एनएसएस स्वयंसेवक तथा जिला संगठक सहित लगभग 500 से अधिक छात्र–छात्राएं उपस्थित थें। विभिन्न महाविद्यालयों द्वारा राष्ट्रीय एकता को प्रदर्षित करते हुए ''मेरी माटी मेरा देष'' अभियान के अंतर्गत विभिन्न ग्रामों, तहसील एवं शहरों से एकत्रित की गई पवित्र मिट्टी को विभिन्न कलषों के माध्यम से कुलपति, डॉ. पल्टा को भेंट किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में विष्वविद्यालय के एनएसएस समन्वयक, डॉ. आर. पी. अग्रवाल ने मतदान प्रक्रिया को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इसे लोकतंत्र का त्यौहार निरूपित किया। विश्वविद्यालय की कुलपति, डॉ. अरूणा पल्टा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक वैध मतदाता को अपना मतदान अवष्य करना चाहिए। लोकतंत्र की यह सबसे बड़ी विषेषता है कि हमारे देष में रहने वाले प्रत्येक वयस्क नागरिक को अपना मत देने का अधिकार प्राप्त होता है। कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप ने कहा कि राष्ट्रीय एकता का हमारे जीवन में अधिक महत्व है। एकता एवं अखण्डता बनाये रखने हेतु उन्होंने रामायण के प्रसंग का उदाहरण भी दिया।

श्री शंकराचार्य महाविद्यालय भिलाई, स्वरूपानंद महाविद्यालय, भिलाई, शासकीय महाविद्यालय वैषालीनगर, कल्याण कॉलेज, भिलाई, भिलाई महिला महाविद्यालय, भिलाई, शासकीय वी. वाय.टी. कॉलेज, दुर्ग के एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा प्रदर्षित किये गये दो नुक्कड़ नाटकों में युवाओं को मतदान देने की संदेष की सभी ने सराहना की। गीत एवं नृत्यों के माध्यम से भी मतदाता जागरूकता फैलाने का सफल प्रयास किया गया। इस अवसर पर विष्वविद्यालय के कुलसचिव, श्री भूपेन्द्र कुलदीप, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डीसीडीसी, डॉ. प्रीता लाल, क्रीडा संचालक, डॉ. दिनेष नामदेव, उपकुलसचिव, डॉ. राजमणि पटेल, श्री राजेन्द्र चैहान, वित्त अधिकारी, श्री सुषील गजभिये, सहायक कुलसचिव, डॉ. सुमीत अग्रवाल, श्री हिमांषु शेखर मंडावी, श्री दिग्विजय कुमार एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित थें। कार्यक्रम का संचालन जिला संगठक, श्रीमती लीना साहू ने किया। कार्यक्रम के आरंभ में कुलपति एवं अन्य अतिथियों का स्वागत एनएसएस बैच एवं सॉल भेंट कर किया गया।

# आओ दीप जलाकर मतदान की अलख जगाए थीम पर शिवनाथ नदी के तट पर दीपोत्सव का किया गया आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** आओ दीप जलाकर मतदान की अलख जगाए थीम पर शिवनाथ नदी के तट पर स्थित मोहारा मेला ग्राउंड में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए जिले भर में विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं।

राजनांदगांव शहर के किनारे शिवनाथ नदी के तट पर दीपक की रौशनी से दीपावली का नजारा दिखा। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा शुभंकर चुनई चिरई की आकर्षक रंगोली बनाई गई और शत प्रतिशत मतदान आकृति बनाकर 500 से अधिक दीप जलाया गया। आंगनबाड़ी सहायिका एवं बिहान समूह की 600 से अधिक महिलाओं द्वारा शिवनाथ नदी में दीपदान कर मतदाताओं से 7 नवम्बर को अवश्य मतदान करने का संकल्प लिया और जनसामान्य से मतदान करने की अपील की।




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत सीईओ एवं नोडल अधिकारी स्वीप के निर्देश में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी शामिल हुए। राजनांदगांव शहर के किनारे बहने वाली शिवनाथ नदी के किनारे मोहारा मेला ग्राउंड में छत्तीसगढ़ विधानसभा निर्वाचन के लिए बनाए गए शुभंकर चुनई चिरई की आकर्षक रंगोली महिलाओं द्वारा बनाई गई और चारों ओर 500 से अधिक दीपक जलाकर उत्सव का आयोजन किया गया। मोहारा मेला ग्राउंड में महिला एवं बाल विकास विभाग की पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी सहायिका एवं बिहान समूह की 600 से अधिक महिलाओं ने दीपों की खूबसूरत आकृति बनाई जिससे शिवनाथ नदी का तट लोकतंत्र के महापर्व में दीपोत्सव से दमक उठा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह ने 7 नवम्बर को मतदान अवश्य करने आंगनबाड़ी सहायिका एवं बिहान समूह की महिलाओं को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महिलाओं ने शिवनाथ नदी में दीपदान किया।

### धान उपार्जन के लिए राज्य स्तरीय नियंत्रण केन्द्र स्थापित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) के मुख्यालय में खरीफविपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 0771-2425450, 2425463 है। कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी एवं नोडल अधिकारी प्रबंधक आईटी विपणन अमरदीप टोप्पो हैं। नियंत्रण कक्ष में जिन अधिकारी-कर्मचारियों को पदस्थ किया गया है वे प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं, सुझावों को पंजीबद्ध करेंगे तथा विपणन कक्ष के प्रमुख अधिकारी के समक्ष तत्काल प्रस्तुत करेंगे।

# संगवारी मतदान केंद्र के मतदान कर्मी करवाएं शत-प्रतिशत मतदान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**जगदलपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विजय दयाराम के. ने कहा कि संगवारी मतदान केंद्र के मतदान कर्मियों पर प्रशासन का पूरा भरोसा है सभी शत-प्रतिशत मतदान करवाएंगे। उन्होंने कहा कि महिला मतदान कर्मी दो दिन तक ईव्हीएम मशीन को बच्चे की तरह सम्भालकर रखते हुए मतदान की प्रक्रिया पूर्ण करवाएंगे। कलेक्टर विजय शुक्रवार को विद्या ज्योति स्कूल में आयोजित मतदान कर्मियों के तृतीय चरण का प्रशिक्षण में निरीक्षण कर रहे थे।

कलेक्टर ने सभी मतदान कर्मियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सब अच्छे से मतदान करवाकर सुरक्षित वापस आएंगे। उन्होंने चित्रकोट और नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदान दलों को स्ट्रांग रूम से मतदान सामग्री लेने के लिए सुबह 6 बजे पहुँचने के निर्देश दिए। निर्वाचन कार्यालय द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण को नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रेक्षक निरंजन कुमार सुधांशु और व्यय प्रेक्षक सुवेनदास गुप्ता ने भी निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान दलों को मतदान प्रक्रिया करवाने का डेमो दिखाने बोला, मतदान कर्मियों द्वारा पूरी प्रक्रिया कर दिखाया जिससे संतुष्ट होकर बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी की सराहना की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मड़ावी, प्रशिक्षण प्रभारी सुनील शर्मा,डाक मतपत्र के प्रभारी मनोज बंजारे सहित निर्वाचन दायित्व से जुड़े अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# सतर्कता जागरुकता के लिए बीएसएफ का वॉकाथन, पांच किलोमीटर चले अफसर व जवान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** रिसाली स्थित आईजी बीएसएफ मुख्यालय में शुक्रवार को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत वॉकाथन का आयोजन किया गया। आईजी बीएसएफ सतीश एस खंडारे के निर्देश पर पांच किमी वॉकाथन में 150 से अधिक अफसर व जवानों ने हिस्सा लिया। रिसाली मुख्यालय में आईजी सतीश एस खंडारे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य जवानों को सिद्धांतो पर आधारित सेवा प्रदान कर अपने कर्तव्यों का पालन पूर्ण ईमानदारी तथा बिना पक्षपात के करने के लिए प्रेरित करना एवं जागरूकता फैलाना था ।



आईजी बीएसएफ मुख्यालय में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत विभिन्न कार्यक्रम किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में शुक्रवार को 5 किलोमीटर वॉकाथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत सतर्कता अधिकारी बीएसएफ प्रवीण कुमार रंजन द्वारा वॉकाथन कार्यक्रम के आयोजन का उद्देश्य बाताकर की गई। उप महानिरीक्षक बीएसएफ सीमान्त मुख्यालय बलवंत सिंह पंगते ने इस कार्यक्रम में भाग ले रहे लगभग 152 अफसर व जवानों को हरी झंडा दिखा कर रवाना किया।


# शहर के विभिन्न स्थानों में जोनों की टीमों ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सर्वेश्वर भूरे के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं सहित सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं, सहायक राजस्व अधिकारियों, सफाई मित्र कर्मचारियों, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं की उपस्थिति में नगर पालिक निगम क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में पहुंचकर मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान करने




जागरूक बनाने का कार्य प्रतिदिन नियमित रूप से निरन्तर जारी है. इस क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 3 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा जोन कमिश्नर लोकेश चन्द्रवंशी की उपस्थिति में जोन के अन्तर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत इंदिरा नगर, कुष्ठ बस्ती, प्रेम नगर,आदर्श नगर मोवा में रहवासी मतदाताओं के मध्य मतदाता जागरूकता रैली निकाली. इसी प्रकार जोन क्रमांक 5 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा जोन कमिश्नर सुशील कुमार चैधरी की उपस्थिति में जोन के तहत स्टेट बैंक कॉलोनी पटेलपारा,मैत्री नगर, सुन्दर नगर के विभिन्न आवासीय क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली एवं मतदाताओं के साथ मिलकर शत - प्रतिशत मतदान की दृष्टि से सामूहिक शपथ ली. वहीं नगर निगम जोन क्रमांक 6 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम ने जोन क्षेत्र के तहत नीलाम्बर महादेव मन्दिर के समीप आवासीय क्षेत्र में रहवासी मतदाताओं के मध्य मतदाता जागरूकता अभियान चलाया एवं जोन 6 जोन कमिश्नर राकेश जायसवाल की उपस्थिति में रहवासी मतदाताओं के साथ मिलकर शत - प्रतिशत मतदान की दृष्टि से स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत सामूहिक मतदान की शपथ ली.


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार

होलसेल में कापी-किताब एवं स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578

Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65


Premier sales 8959493000
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
CONTACT
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

## खास खबर...

### ओपन स्कूलः हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम घोषित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित हाई स्कूल और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा सितम्बर-अक्टूबर 2023 का परीक्षा परिणाम आज घोषित कर दिया गया है। हाई स्कूल का परीक्षाफल 24.47 प्रतिशत और हायर सेकेण्डरी का परीक्षाफल 32.52 प्रतिशत रहा है।

हाई स्कूल की परीक्षा में कुल 16,923 छात्रों का पंजीयन हुआ, जिसमें 15,587 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। सात परीक्षार्थियों का परीक्षाफल विभिन्न कारणों से रोका गया है। 15,580 परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। कुल 3813 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए तथा परीक्षाफल 24.47 प्रतिशत रहा है। इसी तरह हायर सेकेण्डरी परीक्षा के लिए 18983 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिसमें से 17841 परीक्षा में शामिल हुए। जिसमें से 2073 छात्र आरटीडी योजना अंतर्गत सम्मिलित हुए। तीन परीक्षार्थियों का परीक्षाफल विभिन्न कारणों से रोका गया। 15801 परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इनमें 5139 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए और परीक्षाफल 32.52 प्रतिशत रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के सचिव ने बताया कि परीक्षा परिणाम छात्र ओपन स्कूल की वेबसाइट http://www.sos.cg.nic.in और https://results.cg.nic.in से प्राप्त कर सकते हैं। अनुत्तीर्ण छात्र परीक्षा के आवेदन फॉर्म अपने अध्ययन केन्द्र से भरकर आगामी परीक्षा में सम्मिलित हो सकते हैं।

### धान उपार्जन के लिए राज्य स्तरीय नियंत्रण केन्द्र स्थापित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) के मुख्यालय में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 0771-2425450, 2425463 है। कंट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी एवं नोडल अधिकारी प्रबंधक आईटी विपणन अमरदीप टोप्पो हैं। नियंत्रण कक्ष में जिन अधिकारी-कर्मचारियों को पदस्थ किया गया है वे प्राप्त शिकायतों एवं समस्याओं, सुझावों को पंजीबद्ध करेंगे तथा विपणन कक्ष के प्रमुख अधिकारी के समक्ष तत्काल प्रस्तुत करेंगे।




### दिव्यांगजनों संग थर्ड जेंडर्स ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

**रायपुर (ए)।** विधानसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में शुक्रवार को दिव्यांगजनों और थर्ड जेंडर्स ने कलेक्टोरेट चौक से राजभवन चौक तक मतदाता जागरूकता रैली निकाली। उन्होंने आमजनों से मतदान करने की अपील की। जागरूकता रैली में कलेक्टर नरेन्द्र सर्वेश्वर भुरे, दक्षिण विधानसभा के प्रेक्षक डॉ. जी. लक्ष्मीशा, आरंग विधानसभा के प्रेक्षक मीर तारिक अली सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा जब्त दस लाख रुपए से कम नगदी की वापसी का जिम्मा जिला स्तरीय समिति के पास

## दस लाख रुपए से ज्यादा जब्त होने पर आयकर विभाग द्वारा की जाती है नियमानुसार कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** विधानसभा आम निर्वाचन के लिए राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावी होने के दौरान उड़नदस्ता दलों और स्थैतिक निगरानी दलों द्वारा जब्त की गई दस लाख रुपए से कम की राशि की वापसी की कार्यवाही जिला स्तर पर गठित टीम के द्वारा की जाती है।

आम नागरिकों तथा धन राशि के परिवहन की वास्तविक जरूरत वाले लोगों को असुविधा से बचाने तथा उनकी शिकायतों के निराकरण के लिए हर जिले में जिला स्तरीय समिति गठित की गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला निर्वाचन कार्यालय में व्यय अनुवीक्षण के नोडल अधिकारी तथा जिला कोषालय अधिकारी इस समिति में शामिल हैं। एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा जब्त की गई राशि दस लाख रुपए से अधिक होने पर ऐसे मामले आयकर विभाग के सुपुर्द किए जाते हैं, जहां आयकर विभाग द्वारा कानून के अनुसार वापसी की कार्यवाही की जाती है।

जिला स्तरीय समिति द्वारा दस लाख रुपए से कम की जब्ती के प्रत्येक मामले की जांच की जाती है। समिति द्वारा यह पाए जाने पर कि मानक प्रचालन प्रक्रिया के अनुसार जब्ती के सम्बन्ध में कोई प्राथमिकी या शिकायत दर्ज नहीं की गई है, या जहां जब्ती किसी अभ्यर्थी,




राजनीतिक दल, किसी निर्वाचन अभियान इत्यादि से जुड़ी हुई नहीं है तो समिति ऐसी नकदी को रिलीज करने के बारे में एक स्पीकिंग आदेश जारी कर इसकी वापसी के लिए रिलीज आदेश जारी करने के लिए तत्काल कदम उठाती है। समिति जब्ती के सभी मामलों का अवलोकन कर इनकी वापसी के संबंध में निर्णय लेती है।

जब्ती दस्तावेज में जब्ती के विरुद्ध अपील की प्रक्रिया का उल्लेख होता है। नकदी की जब्ती के समय संबंधित व्यक्ति/व्यक्तियों को जब्तीनामा की प्रति के साथ इसकी भी सूचना दी जाती है। व्यय अनुवीक्षण के नोडल अधिकारी द्वारा नकदी रिलीज करने के संबंध में सभी प्रकार की सूचना का एक रजिस्टर में रख-रखाव किया जाता है। यह रजिस्टर क्रमांकित और तिथिवार होती है। इसमें अवरुद्ध या जब्त नकदी की राशि और संबंधित व्यक्ति/व्यक्तियों को छोड़ दिए जाने की तारीख का विवरण होता है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा की गई नकदी आदि की जब्ती के सभी मामलों को तत्काल जिला स्तरीय समिति के ध्यान में लाने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं जिससे इन मामलों पर नियमानुसार कार्यवाही की जा सके। आयोग ने निर्देशित किया है कि किसी भी परिस्थिति में जब्त की गई नकदी या बहुमूल्य वस्तुओं से सबंधित मामले मालखाना या कोषागार में मतदान की तारीख के बाद सात दिनों से अनधिक समय के लिए तब तक लंबित नहीं रखे जाएंगे जब तक कि कोई प्राथमिकी या शिकायत न दर्ज की गई हो। यह रिटर्निंग अधिकारी का उत्तरदायित्व होगा कि वे ऐसे सभी मामलों को अपीलीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करें और अपीलीय समिति के आदेशानुसार नकदी व बहुमूल्य वस्तुओं को रिलीज करें।

# चुनावी प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों, दीपावली मिलन समारोहों का उपयोग न करें: प्रेक्षक

### धरसीवा विधानसभा प्रेक्षक की उपस्थिति में प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों की बैठक संपन्न


श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर (ए)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा धरसीवा के लिए नियुक्त प्रेक्षक अमरीथा जोथी ने शुक्रवार को धरसीवा क्षेत्र के प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने अभ्यर्थियों से कहा कि वे चुनाव प्रचार के लिए धार्मिक स्थलों व दीपावली त्यौहार व मिलन समारोहों का उपयोग न करें। आदर्श आचरण संहिता का पूर्ण रूप से पालन करें तथा ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे आचार संहिता का उल्लंघन होता हो।




उन्होंने कहा कि किसी भी अभ्यर्थी को यदि किसी प्रकार की शिकायत हो तो वह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लांच किए गए सी-विजिल एप में उसकी शिकायत कर सकता है या मैनुअली अपने विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर या जिला निर्वाचन कार्यालय को प्रेषित कर सकता है। चुनाव के सभी अभ्यर्थियों को रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा पहचान पत्र जारी किए गए हैं। अभ्यर्थी पहचान पत्र प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक अभ्यर्थी एक-एक अभिकर्ता की नियुक्ति कर सकते हैं जो अभ्यर्थी के स्थान पर कार्य कर सकेंगे। व्यय अभिकर्ता के रूप में भी एक व्यक्ति की नियुक्ति अभ्यर्थी कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्याशी निर्वाचन के लिए किए जा रहे अपने खर्चों के लेखों को प्रतिदिन रजिस्टर में दर्ज कर समुचित रिकार्ड रखेंगे। व्यय प्रेक्षक यदि जरूरी समझेंगे तो वे अभ्यर्थी के व्यय रजिस्टर को तलब कर उसका परीक्षण कर सकेंगे।

बैठक में रिटर्निंग अधिकारी प्रकाश टंडन ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के नए निर्देशों के तहत अभ्यर्थी को विभिन्न अनुमति प्राप्त करने से संबंधित आवेदन विधानसभा क्षेत्र से संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर या एआरओ के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों को बताया गया कि चुनाव प्रचार के दौरान किसी भी अभ्यर्थी उनके प्रतिनिधि या राजनैतिक दलों तथा उनसे सम्बद्ध व्यक्तियों द्वारा निःशुल्क सामग्री या राशि आदि का वितरण करना गंभीर मामला है। यदि इस प्रकार के प्रकरण सामने आते हैं तो संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।



## मतदाता जागरूकता के लिए 'स्वीप महिला कार रैली' कल

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे के मार्गदर्शन में स्थानीय मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित करने 5 नवंबर को बी.टी.आई. ग्राउंड शंकर नगर चौक से महिलाओं की स्वीप कार रैली का आयोजन किया गया है। यह रैली रविवार सुबह 8 बजे शुरू होगी और मुख्य मार्ग से गुजरते हुए साइंस कॉलेज मैदान जी.ई. रोड पर इसका समापन होगा। कार रैली में स्थानीय महिलाएं शामिल रहेंगी। रैली में सम्मिलित कारों को मतदान जागरूकता स्लोगन से सजाया जाएगा, सर्वश्रेष्ठ संदेश देने वाले महिला कार चालकों को जिला प्रशासन द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। कार रैली में सम्मिलित होने की इच्छुक महिलाएं दूरभाष क्र. 9300853074 एवं 7987198194 पर संपर्क कर अपना पंजीयन करा सकते हैं। कार रैली में राज्य निर्वाचन, जिला निर्वाचन, पुलिस, नगर निगम, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित समस्त विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी सम्मिलित होंगे।



## राज्य की प्रथम महिला ने किया वृक्षारोपण

**रायपुर।** राज्य की प्रथम महिला सुप्रभा हरिचंदन ने राजभवन परिसर में फलदार वृक्ष आम का पौधारोपण किया उन्होंने जनमानस से अनुरोध किया है कि पर्यावरण को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर एवं विशिष्ट अवसरों को यादगार बनाए रखने हेतु ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करें। इस अवसर पर राजभवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# मतदान दिवस पर संबंधित विधानसभा क्षेत्रों में सामान्य अवकाश घोषित

### औद्योगिक तथा व्यावसायिक संस्थानों के कर्मचारियों को भी मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023 के लिए हो रहे दो चरणों में मतदान के लिए मतदान दिवसों पर संबंधित क्षेत्रों में सामान्य अवकाश की घोषणा की गई है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत प्रथम चरण के लिए 7 नवंबर 2023 को संबंधित 20 विधानसभा क्षेत्रों में तथा 17 नवंबर 2023 को दूसरे चरण के 70 विधानसभा क्षेत्रों में सभी शासकीय कार्यालयों एवं संस्थानों में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। इसके साथ ही इसके तहत वे कार्यालय अथवा संस्थान भी शामिल हैं जो निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 के तहत शामिल हैं। इसके अतिरिक्त निजी संस्थानों, औद्योगिक तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में अधिकारी तथा कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिए जाने का निर्देश जारी किया गया है।

निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार श्रम विभाग ने विधानसभा निर्वाचन के लिए औद्योगिक, व्यावसायिक तथा अन्य प्रतिष्ठानों में काम करने वाले कर्मचारियों को मतदान दिवस को




सवैतनिक अवकाश दिए जाने संबंधी आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 151 की धारा 135 (ख) के तहत प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र में संचालित औद्योगिक, व्यावसायिक तथा अन्य प्रतिष्ठान इस बात को सुनिश्चित करें कि मतदान दिवस पर कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिया जाए।

आयोग के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश तथा तेलंगाना में मतदान तिथि 17 नवंबर तथा 30 नवंबर को निजी तथा सार्वजनिक प्रतिष्ठानों/दुकानों, औद्योगिक उपक्रम या व्यवसाय में कार्यरत संबंधितों के लिए उनके गृह राज्य में मतदान दिवस को सवैतनिक अवकाश घोषित किया गया है। सवैतनिक अवकाश नहीं देने पर नियोक्ता पर दण्डात्मक कार्रवाई भी की जा सकती है। आयोग के अनुसार वे कर्मचारी भी अवकाश के पात्र होंगे जिनका नाम अन्य निर्वाचन क्षेत्र में दर्ज है।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं उन कारखानों में प्रथम एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के दिन 02-02 घंटे का अवकाश घोषित किया जाए या बारी -बारी से मतदान करने की सुविधा प्रदान की जाए। मतदान की सुविधा समस्त कार्यरत श्रमिकों अथवा कर्मचारियों चाहे दैनिक वेतनभोगी या आकस्मिक श्रमिक हो उनको भी प्रदान की जाए।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

● जीन्स
● टी-शर्ट
● शर्ट
● ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटर प्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट केम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंग रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोनः 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

# दिवाली पर बजट के अनुकूल इस तरह सजाएं अपना घर

दिवाली का त्योहार आने में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं और यकीनन इसके लिए कई लोगों ने घर की साफ-सफाई भी शुरू कर दी होंगी।वैसे इस मौके पर घर की सजावट पर भी ध्यान देना जरूरी है। इसके लिए आप दीये और लाइट्स के अलावा कम बजट में कई चीजों का इस्तेमाल करके अपने घर की खूबसूरती में चार चांद लगा सकते हैं। चलिए फिर आज दिवाली पर घर सजाने के लिए कुछ बेहतरीन तरीके जानते हैं।




### रंगोली बनाएं

अगर आपके घर के बाहर का हिस्सा बड़ा है तो आप फर्श को रंगोली से सजा सकते हैं। इसके लिए ऑनलाइन रिसर्च करके अच्छे रंगोली डिजाइन्स खोजें और फिर अपनी पसंदीदा रंगोली डिजाइन की रूपरेखा तैयार करें। अब इसे भरने के लिए रंगों का इस्तेमाल करें। इसके अलावा बाहर के दरवाजे के कोने और मंदिर में भी छोटी-छोटी रंगोली बनाएं। इसके लिए रंगों के साथ-साथ फूलों का भी इस्तेमाल करें। रंगोली बनाने के लिए इन हैक्स की मदद लें।

### इस तरह सजाएं दीवारें

दिवाली का त्योहार रोशनी का है और ऐसे खास मौके पर लाइट्स और शीशे की सजावट करना तो बनता है। इसके लिए आप अपने घर की दीवारों पर लाइट वाली लड़ियां लगाएं। यह हर घर में आसानी से उपलब्ध होती है। इसके अलावा आप घर की दीवारों की सजावट शीशे से भी कर सकते हैं। इसमें जब दीयों और अन्य लाइट्स की रोशनी का प्रतिबिंब नजर आता है और घर और भी अधिक खूबसूरत लगता है।

### घर पर बनाएं शुभ-लाभ हैंगिंग

इस दिवाली अपने हाथ से शुभ-लाभ हैंगिंग बनाकर अपने घर की खिड़की-दीवारों पर लगाएं। आप इसे कम बजट में घर पर आसानी से बना सकते हैं। इसके लिए पहले एक कार्डबोर्ड पर 2 गोले बनाकर कांट लें। अब इसे कलरफुल शीट से कवर करने के बाद एक पर गिलीटर से शुभ और दूसरे पर लाभ लिखें। इसके बाद उसके किनारों को मोती, शीशे या गोटे से सजाकर इसे रिबन से ऐसे चिपकाएं ताकि इन्हें दीवार पर टांगना आसान हो जाए।

### फूलों से करें सजावट

दिवाली पर आप फूलों का इस्तेमाल करके भी घर को सजा सकते है। हालांकि, इसके लिए आपको आर्टिफिशयल फूलों की बजाय असली फूलों का ही इस्तेमाल करना चाहिए क्योंकि असली फूलों से घर की सजावट ज्यादा अच्छा लगती है, साथ ही इसकी खुशबू से घर महकता भी रहता है। इसके लिए घर के सभी कमरों के किनारों और दरवाजों और खासतौर पर मंदिर को भी फूलों से सजाएं। दिवाली पर मेहमानों के लिए ये मीठे व्यंजन भी बनाएं।

### घर पर फोटोग्राफी कॉर्नर बनाएं

दिवाली खुशियों का त्योहार है तो इसमें सेल्फी लेना तो बनता है। इसके लिए अपने घर पर एक फोटोग्राफी कॉर्नर बनाएं।ऐसा करने के लिए सबसे पहले बालकानी, आंगन या अन्य ओपन एरिया चुनें और फिर वहां पर फ्रेम तैयार करें। इसके बाद फ्रेम को गेंदा और अन्य फूलों की माला का इस्तेमाल करके सजाएं। आप चाहें तो रंगोली के रंगों का इस्तेमाल करके मल्टी-कलर फ्रेम भी तैयार कर सकते हैं। यह फुल त्योहार वाली वाइब्स देने में मदद करेगा।

# आप पानी के बिना भी बर्तन धो सकते हैं, इस ट्रिक को आजमाएं, 2 मिनट में चमकेंगे

जब दैनिक कामकाज की बात आती है, तो बर्तन धोना काफी परेशानी भरा हो सकता है। लेकिन क्या होगा अगर मैं आपसे कहूं कि पानी का उपयोग किए बिना, केवल 2 मिनट में आपके बर्तनों को बिल्कुल नया बनाने का एक तरीका है? हां, आपने इसे सही सुना! इस लेख में, हम एक सरल युक्ति बताएंगे जो आपका समय और प्रयास बचाएगी। पारंपरिक रगड़ने और धोने की दिनचर्या को अलविदा कहें। आइए इसमें गोता लगाएं और इस जल रहित सफाई विधि की खोज करें।



### बेकिंग सोडा और सिरके का जादू

सामग्री जिनकी आपको आवश्यकता होगी, आरंभ करने से पहले, सुनिश्चित करें कि आपके पास निम्नलिखित वस्तुएं उपलब्ध हों:-

- मीठा सोडा
- सफेद सिरका
- एक छोटा कटोरा
- एक माइक्रोफाइबर कपड़ा या स्पंज

### चरण 1:- एक सफाई पेस्ट बनाएं

- एक छोटा कटोरा लें और उसमें दो बड़े चम्मच बेकिंग सोडा डालें। बेकिंग सोडा एक उत्कृष्ट अपघर्षक क्लीनर है, और यह आपके बर्तनों से गंदगी और दाग हटाने में मदद करेगा।
- गाढ़ा, झागदार पेस्ट बनाने के लिए बेकिंग सोडा में धीरे-धीरे सफेद सिरका मिलाएं। यह रासायनिक प्रतिक्रिया ही सफाई प्रक्रिया को प्रभावी बनाती है। आप एक तेज प्रतिक्रिया देखेंगे, यह बिल्कुल सामान्य है।

### चरण 2:- पेस्ट लगाएं

- माइक्रोफाइबर कपड़े या स्पंज का उपयोग करके, बेकिंग सोडा और सिरके के पेस्ट को बर्तनों पर लगाएं। सभी गंदे या चिकने क्षेत्रों को ढकना सुनिश्चित करें।
- इसे एक मिनट तक ऐसे ही रहने दें। यह संक्षिप्त प्रतीक्षा अवधि सफाई समाधान को गंदगी और दागों को तोड़ने की अनुमति देती है।

### चरण 3:- रगड़ें और धोएं

- एक मिनट बीत जाने के बाद वही कपड़ा या स्पंज लें और बर्तनों को धीरे-धीरे रगड़ें। बेकिंग सोडा की अपघर्षक क्रिया, सिरके के सफाई गुणों के साथ मिलकर, सबसे कठिन दागों को भी हटाने में अद्भुत काम करेगी।
- एक बार जब आप सभी बर्तनों को साफ कर लें, तो पेस्ट के किसी भी अवशेष को हटाने के लिए उन्हें गर्म पानी से धो लें।

### चरण 4:- सुखाएं और प्रशंसा करें

- धोने के बाद बर्तनों को पोंछने के लिए साफ, सूखे कपड़े का इस्तेमाल करें। आपके बर्तन और बर्तन अब न्यूनतम प्रयास के साथ नए जैसे अच्छे दिखेंगे!

### जल रहित सफाई के लाभ

#### जल संरक्षण

इस जलरहित सफाई युक्ति का सबसे महत्वपूर्ण लाभ जल का संरक्षण है। पानी की कमी के बारे में बढ़ती चिंताओं के साथ, पर्यावरण-अनुकूल सफाई समाधान ढूंढना आवश्यक है।

#### समय दक्षता

पारंपरिक बर्तन धोने में समय लग सकता है। यह विधि आपका बहुमूल्य समय बचा सकती है, खासकर जब आपके पास निपटाने के लिए व्यंजनों का ढेर हो।

#### लागत प्रभावी

बेकिंग सोडा और सिरका किफायती और आसानी से उपलब्ध सफाई एजेंट हैं। आपको महंगे सफाई उत्पादों में निवेश करने की आवश्यकता नहीं होगी।

#### सुरक्षित और पर्यावरण-अनुकूल

यह विधि सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल है। आप कठोर रसायनों का उपयोग नहीं करेंगे जो आपके और पर्यावरण के लिए हानिकारक हो सकते हैं। बेकिंग सोडा और सिरके का उपयोग करके जल रहित सफाई विधि घरेलू कामकाज की दुनिया में एक गेम-चेंजर है। यह न केवल कुशल है बल्कि पर्यावरण-अनुकूल, लागत प्रभावी और सुरक्षित भी है। प्रचुर मात्रा में पानी से बर्तन धोने के कभी न खत्म होने वाले चक्र को अलविदा कहें। इस ट्रिक को आजमाएं और आपके बर्तन सिर्फ 2 मिनट में चमचमाते हुए साफ हो जाएंगे। तो इंतजार क्यों करें? इसे आज़माएं और अपने लिए पानी रहित सफाई के जादू का अनुभव करें!

# जेलर का रिकॉर्ड तोड़ने से चंद कदम दूर है विजय की लियो

थलपति विजय के लिए साल 2023 काफी लकी रहा है। 'वरिसु' को मिली सुपर सक्सेस के बाद एक्टर की हालिया रिलीज 'लियो' ने भी बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया है। 64.8 करोड़ के कलेक्शन के साथ 'लियो' ने दमदार ओपनिंग की थी। इसके बाद पहले हफ्ते में फिल्म ने जमकर कमाई की और दूसरे हफ्ते में एंट्री करते ही इसने 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया। हालांकि दूसरे हफ्ते के मंडे से फिल्म का कलेक्शन हर दिन घट रहा है।

थलपति विजय स्टारर 'लियो' का जादू दर्शकों के सिर चढ़कर बोला है। इस फिल्म ने रिलीज के पहले दिन से धुंआधार कारोबार किया है और ये फिल्म अब 300 करोड़ ये ज्यादा का कलेक्शन कर चुकी है। हालांकि रिलीज के दूसरे हफ्ते में ऐसा लग रहा है कि फिल्म का चार्म खत्म हो रहा और इसी के साथ इसकी कमाई का ग्राफ भी हर दिन गिरता जा रहा है। आलम ये है कि अब 'लियो' 5 करोड़ से भी कम कलेक्शन कर रही है। वैसे 'लियो' की कमाई में दूसरे मंडे से गिरावट शुरू हुई थी। जहां सेकंड संडे को फिल्म ने 16.55 करोड़ की दमदार कमाई की थी तो वहीं दूसरे सोमवार फिल्म के कारोबार में 73.11 फीसदी की गिरावट आई और ये 4.45 करोड़ रुपये ही कमाई सरी। इसके बाद दूसरे मंगलवार फिल्म का कलेक्शन और घट गया इसने महज 3.5 करोड़ रुपये ही कमाए।

# ऋतिक रोशन की फाइटर में नजर आएंगी संजीदा शेख, निभाएंगी अहम भूमिका

ऋतिक रोशन पिछले काफी समय से अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म फाइटर को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं। इस एक्शन थ्रिलर फिल्म में दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। आए दिन फिल्म को लेकर तरह-तरह की जानकारी सामने आती रहती है।ताजा खबर यह है कि बॉलीवुड और टीवी की जानी-मानी अभिनेत्री संजीदा शेख भी फाइटर का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।फिल्म में वह एक ऐसा किरदार निभाने वाली हैं, जिससे फाइटर की कहानी और दिलचस्प हो जाएगी।



फाइटर से जुड़े एक सूत्र ने बताया कि फिल्म में संजीदा एक रोमांचक भूमिका है।दीपिका और ऋतिक अभिनीत इस फिल्म में उनकी अहम भूमिका है। उनका योगदान फिल्म में एक महत्वपूर्ण मोड़ पर ले जाएगा।फाइटर अगले साल 25 जनवरी को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस फिल्म को हिंदी समेत तमिल, तेलुगु और मलयालम भाषा में भी रिलीज किया जाएगा।इसका का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है तो वहीं फाइटर यशराज फिल्म्स द्वारा निर्मित है।

संजीदा ने साल 2003 में आई फिल्म बागबान के जरिए अपने अभिनय करियर की शुरुआत की थी।वह तमिल, कन्नड़ और पंजाबी फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं।मैं ते बापू, काली खुही, अश्के, पंख, शुभम और अन्य उनकी चर्चित फिल्मों में शामिल है।संजीदा इसके अलावा टीवी शो में भी काम कर चुकी हैं, जिसमें क्या होगा निम्मो का, क्या दिल में है, सपना बाबुल का... बिदाई और पिया का घर प्यारा लगे शुमार हैं।

# ईशा गुप्ता ने बरपाया कहर, छोटी सी ड्रेस में लगाया हॉटनेस का तड़का

ईशा गुप्ता अपनी हॉटनेस की वजह से अक्सर ही चर्चा में आ जाती हैं। उनका हर लुक फैंस के दिलों का धड़कनें बढ़ा देता है। ऐसे में चाहने वालों को उनके नए लुक्स का भी बेसब्री से इंतजार रहता है। वहीं, ईशा भी अपने फैंस के साथ जुड़ी रहने के लिए अपने नए-नए लुक्स शेयर करती रहती हैं। इस कारण उनकी फैन फॉलोइंग भी काफी लंबी हो चुकी है। अब फिर से ईशा ने हॉट अदाओं से इंटरनेट का पारा हाई कर दिय है।

लेटेस्ट फोटोशूट में एक्ट्रेस काफी बेबाक दिख रही हैं। उन्होंने अपनी सिजलिग फोटोज के लिए व्हाइट शेट की ऑफ शोल्डर शॉर्ट ड्रेस कैरी की है। इसके साथ उन्होंने मैचिंग की शर्ट पेयरअप की है।

ईशा ने बहुत स्टनिंग लुक में अपना अवतार फ्लॉन्ट करते हुए पोज दिए हैं। एक्ट्रेस का ये नया ग्लैमरस लुक भी सोशल मीडिया पर काफी वायरल होने लगा है।


ईशा ने अपने इस लुक को सटल बेस, न्यूड शाइनी बेस और स्मोकी आई मेकअप से कंप्लीट किया है। इसके साथ उन्होंने अपने बालों को ओपन रखा है। वहीं, एक्सेसरीज के तौर पर ईशा ने कानों में व्हाइट ईयररिंग्स कैरी किए हैं। अब फैंस के बीच उनका ये नया लुक भी बेहद पसंद किया जा रहा है। फैंस ने उनकी तारीफों के पुल बांधते हुए कई कमेंट्स किए हैं। ईशा के वर्क फ्रंट की बात करें तो इस समय एक्ट्रेस के पास कई प्रोजेक्ट्स पाइपलाइन में हैं। जल्द ही एक्ट्रेस को फाइल नंबर 323 टाइटल से बन रही फिल्म में देखा जाने वाला है। इसके अलावा उन्हें देसी मैजिक, हेरा फेरी 3 और वेब सीरीज आश्रम 4 में भी देखा जाने वाला है।



## एनटीआर जूनियर के बाद, राम चरण एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंस में शामिल

तेलुगु स्टार राम चरण अपने आरआरआर के को-स्टार एनटीआर जूनियर के साथ ऑस्कर में शामिल हो गए हैं। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज (एएमपीएएस) ने हाल ही में उन्हें प्रेस्टीजियस एक्टर्स ब्रांच में शामिल करने की घोषणा की। राम चरण, जिनकी निर्देशक एसएस राजामौली की सार्वभौमिक रूप से प्रशंसित फिल्म आरआरआर में स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीतारमन राजू की भूमिका ने उन्हें वैश्विक सुर्खियां दिलाईं, वह सुपरस्टार्स की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। एकेडमी ने अपने इंस्टाग्राम पर हाल ही में शामिल किए गए लोगों का रोस्टर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, अपने एक्टिंग स्किल्स के जरिए, ये अभिनेता हमारे सामने ऐसे करेक्टर्स पेश करते हैं जो हमारे दिल और दिमाग पर अमिट छाप छोड़ते हैं। आर्ट उनकी शानदार सामान्य क्षणों को असाधारण सिनेमाई अनुभवों में बदल देती है, जिससे मानवीय भावनाओं की गहराई और जटिलता के प्रति हमारी सराहना समृद्ध होती है। रोस्टर की घोषणा करते हुए, उन्होंने कहा, हम एकेडमी के एक्टर्स ब्रांच में इन निपुण कलाकारों का स्वागत करते हुए रोमांचित हैं: लशाना लिंच, राम चरण, विक्की क्रिप्स, लुईस कू टिन-लोक, केके पामर, चांग चेन, सकुरा एंडो, रॉबर्ट डेवी और बहुत कुछ। वर्तमान में, राम चरण एस. शंकर द्वारा निर्देशित आगामी तेलुगु राजनीतिक-एक्शन-थ्रिलर फिल्म गेम चेंजर की शूटिंग कर रहे हैं। इसमें उनके साथ कियारा आडवाणी भी होंगी। फिल्म 2024 में रिलीज होगी।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243


Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER, Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे जोनल पीएनएम बैठक में प्रबंधन व यूनयनों के बीच हुई सार्थक चर्चा

## जीएम आलोक कुमार ने की अध्यक्षता, अफसर व यूनियन के नेता हुए शामिल

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, मुख्यालय, बिलासपुर में 2 व 3 नवम्बर, 2023 को जोनल स्तर पर दो दिवसीय पीएनएम (परमानेंट नेगोशियेशन मशीनरी) बैठक संपन्न हुई। पीएनएम बैठक का उद्देश्य रेलवे संगठन के मान्यता प्राप्त यूनियनों एवं एसोसिएशनों के प्रतिनिधियों एवं प्रबंधन के मध्य विचार विमर्शों के द्वारा संगठन की उत्पादकता एवं कार्यप्रणाली में गुणात्मक सुधार लाना होता है। इस पीएनएम बैठक की अध्यक्षता आलोक कुमार, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने की।



बैठक में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी एवं समस्त प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ-साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मेन्स कांग्रेस यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

पीएनएम बैठक की शुरुआत में कार्मिक विभाग के द्वारा कर्मचारी कल्याण के लिए किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों को एक प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। पीएनएम बैठक को संबोधित करते हुए बैठक के अध्यक्ष एवं महाप्रबंधक श्री आलोक कुमार ने मजदूर कांग्रेस यूनियन के पदाधिकारियों को रेल कर्मचारियों से जुड़े समस्याओं को संज्ञान में लाने के लिए धन्यवाद दिया व कहा कि रेल प्रशासन सभी कर्मचारियों एवं उनके परिजनों की समस्याओं को लेकर संवेदनशील है।

उन्होंने आगे कहा कि हम सभी कर्मचारियों को उनके कार्यस्थल में बेहत्तर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध हैं। मजदूर कांग्रेस यूनियन द्वारा रेल कर्मचारियों के कल्याण से संबन्धित उठाए गए सभी मुद्दो पर विधिसम्मत कार्रवाई पर ज़ोर देते हुए उन्होने सभी को आश्वस्त किया कि रेलवे बोर्ड के दिशा-निर्देशानुसार सभी मुद्दों पर आवश्यक कार्यवाही शीघ्र की जाएगी। साथ ही उन्होने बैठक में उठाये गये सभी महत्वपूर्ण मुद्दों के तुरंत निराकरण के लिए भी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी राजेन्द्र कुमार अग्रवाल ने भी कांग्रेस यूनियन के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए रेल कर्मचारियों के कल्याण कार्यो में उनकी सहभागिता के लिए सभी को धन्यवाद दिया। बैठक के दौरान रेलवे प्रशासन की ओर से सभी विभागाध्यक्षों द्वारा अपने-अपने विभागो से संबन्धित मुद्दों पर चर्चा करते हुए जवाब दिया गया।

# 17 को मतदान करने युवाओं ने लगाई दौड़



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** विधानसभा चुनाव की तारीख 17 नवंबर को शत प्रतिशत मतदान के लिए सैंकड़ों युवाओं ने रन फॉर वोट के लिए दौड़ लगाई। खुर्सीपार श्रीराम चौक स्थित मैदान में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में भिलाईनगर विधानसभा के रिटर्निंग आफिसर एवं निगम आयुक्त रोहित व्यास, एसडीएम जागेश्वर कौशल, खेल विभाग के एक्का, जोन आयुक्त पूजा पिल्ले व अमिताभ शर्मा शामिल हुए। इस दौरान सुबह 07 बजे से मैदान में पहुंचे युवाओं, महिलाओं एवं स्थानीय नागरिकों ने वोट लिखे हुए आकृति में खड़े होकर अनिवार्य रूप से मतदान करते हुए लोकतंत्र को मतबूत करने में अपना सहयोग करने हेतु मतदान हमारा नैतिक कर्तव्य है हम निष्पक्ष एवं निर्भिक होकर 17 नवंबर को मतदान करने का.शपथ लिए।

भिलाई निगम क्षेत्र में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर भिलाई निगम का द्वारा लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत आज रन फॉर वोट कार्यक्रम में क्षेत्र के युवक युवतियों ने हिस्सा लिया और पूरे उत्साह से लगभग 2 किलोमीटर की दौड़ लगाई इस दौरान उन्होंने मतदाताओं को जागरूक करने नारे भी लगा रहे थे। हर एक वोट के महत्व को बताते हुए 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव में अनिवार्य रूप से स्वयं मतदान करने तथा अपने घर परिवार के सभी सदस्यों व रिश्तेदारों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने की शपथ लिए। उपरांत आयुक्त श्री व्यास ने दौड़ में भागीदारी निभाने वाले चयनित प्रतिभागी को स्वीप की ओर से प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

## खास खबर

### दीपावली त्यौहार के मद्देनजर पटाखा दुकानदारों के लिए दिशा-निर्देश जारी

**रायगढ़।** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी, नगर सेना रायगढ़ द्वारा दीपावली त्यौहार के दौरान अग्निशमन व्यवस्था को दूरस्त रखने हेतु प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय पटाखा दुकानदारों को दुकान लगाने हेतु दिशा-निर्देश दिए गए है। जिसके तहत पटाखा दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़े, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि से नहीं बना होना चाहिए। पटाखा दुकान को लोहे के पाइप, टीनशेड एंगल से बनाना होगा, प्रत्येक दुकान के बीच में तीन मीटर की दूरी अनिवार्य है तथा एक दुकान के सामने दूसरी दुकान न बनायी जाए। पटाखा दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए। पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित होगा। फटाखा दुकान ट्रांसफार्मर के आसपास और उसके ऊपर से हाईटेंशन लाईन नहीं गुजरना चाहिए। दुकानों में विद्युत तारों में ज्वाइंट खुला नहीं होना चाहिए एवं मास्टर स्वीच में फ्यूज या सर्किट ब्रेकर लगा होना चाहिए। प्रत्येक दुकानों में 5 किलो के क्षमता वाले अग्निशमन यंत्र (डीसीपी)रखने होंगे तथा 200 लीटर पानी क्षमता का ड्रम के साथ बाल्टी व्यवस्था होनी चाहिए। पटाखा दुकान के सामने बाईक/कार पार्किंग प्रतिबंधित होना चाहिए। दुकानों में अग्निशमन कार्यालस एवं एम्बुलेंस का संपर्क नंबर दुकान परिसर में प्रदर्शित करना होगा।

### डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने जिले में 5 सुविधा केन्द्र स्थापित

**गरियाबंद।** भारत निर्वाचन आयोग निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतदान दल में नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों के लिए आवेदन उपरांत डाक मतपत्र के माध्यम से सुविधा केन्द्रों पर मतपत्र जारी कर मतदान प्रक्रिया संपादित किया जायेगा। इसके लिए विधानसभा क्षेत्र क्रमांक- 54 राजिम एवं 55 बिन्द्रानवागढ़ क्षेत्र के लिए मतदान दल में नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों के लिए निर्धारित स्थान व तिथि निर्धारित की गई है। डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान के लिए जिले में 5 सुविधा केन्द्र निर्धारित किया गया है। इनमें 7 नवम्बर को जिले के पुलिस कर्मियों एवं होमगार्ड अधिकारी कर्मचारियों के लिए कार्यालय रक्षित निरीक्षक (पुलिस गरियाबंद) 9 एवं 10 नवम्बर को जिले के मतदान दल में नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों को शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय,शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं आईटीएस कॉलेज गरियाबंद इसके अलावा 9 एवं 10 नवम्बर को जिले गरियाबंद के साथ-साथ अन्य जिले के मतदान दल में नियुक्त अधिकारी कर्मचारियों के लिए मतदान का समय प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। इसी तरह 80 प्लस एवं दिव्यांग वर्ग के मतदाता जो मतदान केन्द्र तक नहीं जा पायेंगे और उन्होंने पूर्व में आवेदन दिया है ऐसे मतदाताओं को होम वोटिंग सुविधा के माध्यम से मतदान दलों द्वारा कराया जायेगा।

# रायपुर जिले में आगामी रबी फसलों हेतु समसामयिक कृषि सलाह

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** रायपुर जिले का कुल क्षेत्रफल 2.89 लाख हे. है, जिसमें से 1.60 लाख हे. में खरीफ में धान की खेती होती है। रायपुर जिले में 26 हजार है. रकबा रबी फसलों के अंतर्गत है, जिसमें 16 हजार में अनाज वाली फसलें यथा- गेहूं, मक्का आदि, 5 हजार हे. में दलहन वाली फसलेंङ्क चना, मटर, मसूर, मूंग एवं तिवड़ा, तिलहनी फसलें- राई, सरसों, अलसी, कुसुम, तिल, सूर्यमुखी, मूंगफली इत्यादि 1700 हे. में खेती की जाती है। चूंकि सिंचाई के सिमित साधन उपलब्ध होने के कारण रायपुर जिले की फसल सघनता कम ( 124त ) है।

इसे बढ़ाने हेतु वर्षा आधारित स्थिति में धान के पश्चात उतेरा फसल के रूप में विभिन्न दलहनी फसल- तिवड़ा, चना, मसूर, बटरी इत्यादि, तिलहनी फसलों- अलसी, सरसों इत्यादि को उपयुक्त समय में पर्याप्त नमी की उपलब्धता में बुआई करें। उतेरा फसल के लिए प्रायः अक्टूबर के द्वितीय पखवाड़ा तक बुआई किया जाना अत्यंत आवश्यक है, इस हेतु जिन खेतों में धान की मध्यम अवधि 120-125 दिन में पकने वाली किस्में जैसे- महामाया, राजेश्वरी, दुर्गेश्वरी, एम.टी.यू 1001 लगायी गई है, उन्हीं खेतों में उतेरा फसलों की बुआई करें।

उतेरा फसल के लिए तिवड़ा की उपयुक्त प्रजाति महातिवड़ा एवं प्रतीक है, जिसका बीज दर 75-80 कि.ग्रा./हे. है। चना की उपयुक्त प्रजाति - छ.ग. चना - 2, इंदिरा चना 1, छ.ग. लोचन चना एवं बीज दर 80-100 कि. ग्रा. / हे. है। मसूर की उपयुक्त प्रजातियां छ.ग. मसूर - 1 आई.पी.एल. - 316, आर. बी. एल. 31 एवं बीज दर 40-50 कि.ग्रा. / हे. है। अलसी की उपयुक्त प्रजातियां - आर. एल. सी. - 143, आर. एस. सी. - 153, इंदिरा अलसी - 32 इत्यादि है एवं बीज दर 10 कि.ग्रा. / हे. है। सरसों की उपयुक्त प्रजातियां - छ.ग. सरसो - 1, इंदिरा तोरिया - 1, पूसा बोल्ड, वरदान है तथा बीज दर 4-6 कि.ग्रा / हे. है।

# बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग कर लोकतंत्र में निभाई अपनी सहभागिता

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग बुजुर्ग एवं दिव्यांगजनों से होम वोटिंग की नई पहल की गई है। लोकतंत्र के पर्व में पोस्टल बैलेट के माध्यम से होम वोटिंग के लिए चिन्हांकित बुजुर्ग और दिव्यांगजनों के घरों में मतदान दल ने पहुंचकर मतदान करवाया।



डोंगरगांव विधानसभा क्षेत्र के चिन्हांकित 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और दिव्यांगजनों के घर-घर जाकर मतदान कराया गया। मतदान दल के घर में पहुंचते ही घरवाले और मतदाताओं के चेहरे पर मुस्कान आ गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह के मार्गदर्शन में जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र के चिन्हांकित 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु वर्ग के बुजुर्ग और 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगजन होम वोटिंग कर रहे है। डोंगरगांव विधानसभा की खैरी निवासी दिव्यांग अहिल्या वर्मा ने बताया कि पहले मतदान कराने के लिए उनके बड़े भाई ले जाते थे। अहिल्या ने बताया कि मतदान दल घर में आने से बहुत अच्छा लगा। जिससे बिना किसी असुविधा के लोकतंत्र का हिस्सा बनने का मौका मिला। अहिल्या ने भारत निर्वाचन आयोग की इस अनूठी पहल के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। धौराभाठा निवासी हेमलता साहू ने होम वोटिंग कराने के लिए मतदान दल को घर में पहुंचने पर प्रसन्नता जाहिर की। हेमलता ने बताया कि वे दोनों पैरों से नहीं चल पाती हैं। पहले मतदान कराने के लिए घर के सदस्यों द्वारा मतदान केन्द्र तक ले जाया जाता था। भारत निर्वाचन आयोग की इस पहल से मुझे घर पर ही मतदान कर बहुत अच्छा महसूस हो रहा है। ग्राम गिधवा टप्पा निवासी 84 वर्षीय गीता बाई के घर में होम वोटिंग के लिए मतदान दल पहुंचा तो उन्होंने खुशी जाहिर की। गीता बाई ने कहा कि घर पर मतदान करना बहुत सुविधाजनक रहा और सुखद अनुभूति रही। ग्राम बड़भूम निवासी लताबाई ने घर में ही मतदान किया। लताबाई ने बताया कि दोनों पैरो से दिव्यांग है। यह सुविधा मिलने से मतदान करने में आसानी हुई। परना निवासी लक्ष्मी बाई ने भी घर में मतदान किया।

### रायपुर और बालोदाबाजार जिले में रोकथाम उपायों पर दी गयी जानकारी

# नेहरू युवा केंद्र द्वारा एचआईवी-एड्स पर जागरूकता अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर (पीआईबी)। नेहरू युवा केंद्र रायपुर छत्तीसगढ़, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार व छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में रायपुर जिले के बहेसर, मढ़ई, सेज बहार, दुर्गा महाविद्यालय में एचआईवी-एड्स एवं उसके रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।



इसी प्रकार बलोदा बाजार जिले के कोट, छरछेद, रामसागर पारा, भाटापारा और बलोदा बाजार में एचआईवी-एड्स एवं उसके रोकथाम पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। कार्यक्रम में प्रत्येक से जिले से 300 से अधिक युवा एवं 60 से अधिक युवा मंडलो को एचआईवी एड्स से सम्बंधित सही जानकारी एवं उपाय बता कर जागरूक किया गया।

नेहरू युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी अर्पित तिवारीने बताया की उक्त कार्यक्रम में युवाओं को यौन जनित संक्रमणों के कारणों,लक्षणों और बचाव के उपायों के साथ ही एच आई व्ही, एड्स के सम्बंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एच आई व्ही संक्रमित व्यक्ति के साथ असुरक्षित (बिना कंडोम के) यौन सम्बन्ध बनाने, संक्रमित रक्त चढ़ाने, संक्रमित इंजेक्शन लगाने व संक्रमित माता-पिता से होने वाले सन्तान को एच आई व्ही व यौन सम्बंधित बीमारी होने का खतरा होता है। उन्होंने कहा कि इस बीमारी से बचने के लिए युवाओं के पास सही व सम्पूर्ण जानकारी होना जरूरी है।

कार्यक्रम में इस बीमारी से ग्रसित लोगों के लिए शासन द्वारा प्रदत्त सेवाओं की भी विस्तृत जानकारी युवाओं को दी। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल समेत विकासखण्ड स्तर पर भी सीएचसी में आई सी टी सी केंद्र स्थापित है, जहां जाकर एचआईवी के सम्बंध में विस्तृत जानकारी ली जा सकती है। इसके अलावा यौन जनित संक्रमणों व जननांगों की अन्य समस्याओं के निदान व जानकारी के लिए जिला अस्पताल में सुरक्षा क्लिनिक स्थापित है। युवाओं को नेशनल हेल्प लाइन नम्बर 1097 एवं मोबाइल एप्लीकेशन के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गयी।

सुनीता चंसोरिया, सहायक प्राध्यापक, दुर्गा महाविद्यालय, रायपुर ने बताया है की सोशल मीडिया व् तकनीक व् सूचना के इस युग में सही जानकारी होना अति आवश्यक है। इसलिए एड्स जैसे गंभीर स्वास्थ व् सामाजिक विषयों पर युवाओ को जागरूक करना अत्यंत आवश्यक है।

इसके अतिरिक्त युवाओं को प्रोजेक्टर पर लघु फिल्मों का प्रसारण करके दिखाया गया व पीपीटी के माध्यम से चित्र समेत जानकारियां दी गईं। युवाओं को सम्बन्धित विषय की पोप्लेट भी वितरित की गई। इसके अतिरिक्त रंगोली व् चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से भी आम जनों को भी एचआईवी एड्स के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में नेहरू युवा केंद्र के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक शारदा पैंकरा, मोनिका मिश्रा व् अन्य युवा मंडल के स्वयंसेवकों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# मतदान केन्द्रों में दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता का करेंगे सहयोग

श्रीकंचनपथ न्यूज

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डोमन सिंह के मार्गदर्शन में स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत कार्यालय जनपद पंचायत राजनांदगांव में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीईओ जनपद पंचायत राजनांदगांव सु तनुजा मांझी ने बताया कि मतदान दिवस 7 नवम्बर 2023 को मतदाता मित्र स्काउट-गाईड के तहत मतदान केन्द्रों में दिव्यांग एवं बुजुर्ग मतदाता के सहयोग के लिए स्काउट-गाईड रोवर रेंजर का सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने स्काउट-गाईड रोवर रेंजर को मतदान केन्द्रों पर किए जाने वाले कार्यों एवं सावधानियों के संबंध में जानकारी दी।

सीईओ जनपद पंचायत राजनांदगांव सु तनुजा मांझी ने लोकतंत्र में मतदान के महत्व के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने उपस्थित सभी मतदाताओं से मतदान करने और स्काउट-गाईड रोवर रेंजर व स्कूली बच्चों अपने अभिभावकों, पड़ोसियों एवं अन्य प्रियजनों को मतदान के लिए प्रेरित करने की अपील की। इस अवसर पर नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने कार्यालय जनपद पंचायत राजनांदगांव से स्वीप मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार राजनांदगांव मनीष वर्मा, उषा चटर्जी, स्काउट-गाइड प्रभारी शिक्षक एवं स्काउट-गाईड उपस्थित थे।

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan


ॐ SAIRAM Mobile Accessories
मोबाईल शॉप में कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर



### सीआरपीएफ जवान ने सर्विस राइफल से खुद को मारी गोली गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सीआरपीएफ के जवान ने शनिवार की सुबह सर्विस रायफल से खुद को गोली मारकर आत्महत्या का प्रयास किया। घायल जवान को जगदलपुर के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जवान ने यह कदम क्यों उठाया इसकी जानकारी नहीं मिली है। फिलहाल अफसरों ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार घटना सुकमा के तोंगपाल के लेदा स्थित सीआरपीएफ हेडक्कार्टर की है। सीआरपीएफ के जवान ने शनिवार सुबह खुद को गोली मार ली। जवान का नाम गोकरन बताया जा रहा है और वो सीआरपीएफ के 227 बटालियन में पदस्थ था। घटना के बाद साथी जवानों ने गोकरण को पहले सुकमा के अस्पताल पहुंचाया जहां से उसे रेफर करने पर जगदलपुर में भर्ती कराया गया है। फिलहाल अस्पताल में जवान का इलाज चल रहा है।

### सड़क हादसे में एएसआई की मौत एक आरक्षक घायल

**बालोद ( ए )।** जिले में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है. ड्यूटी पर तैनात एएसआई की सड़क हादसे में मौत हो गई है और साथ आरक्षक घायल है. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है दोनों पुलिसकर्मी कार्य कर बाइक से वापस थाना लौट रहे थे तभी बाइक स्लिप होने से हादसा हुआ। यह मामला डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, सड़क दुर्घटना में एएसआई जमीदार चन्द्रवंसी की मौत हो गई है जबकि एक आरक्षक घायल है। दोनों पुलिसकर्मी मर्ग विवेचना कर केरीजुंगेरा गांव से वापस थाने लौट रहे थे। इसी दौरान मन्चुवा रोड़ में रायगढ़ा घाट के पास मोटरसाइकिल रोड में स्लिप हो गई। जिससे एएसआई और आरक्षक सड़क पर गिर गए, जिसके बाद पुलिस की टीम में दोनों को डौंडीलोहारा हॉस्पिटल लाया। जहां डक्टरों ने एएसआई चन्द्रवंसी को मृत घोषित कर दिया।

# कोरबा में पिकनिक मनाने जंगल गए एक युवक की हाथी ने ली जान

**कोरबा (ए)।** कटघोरा वनमंडल के केंदई वन परिक्षेत्र में मानित दाई मंदिर के पास पिकनिक मना रहे एक युवक की लोनर हाथी ने जान ली। नशे धुत्त और भागने में असमर्थ होने की वजह युवक हाथी के चपेट में आ गया। घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गई। इसके पहले यह लोन तीन लोगों को मौत के घाट उतार चुका है।



केंदई वन परिक्षेत्र में हाथियों के उत्पात से जनधन की हानि का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। कोयलारगडरा निवासी रामकुमार 30 वर्ष शनिवार को अपने सात साथियों के साथ पिकनिक मनाने मातिन जंगल पहुंचा था। युवक सुबह से जंगल में पहुंचे थे। शाम छह बजने के बाद भी उनकी पिकनिक पार्टी जारी थी। तभी लोनर हाथी की चिंघाड़ सुनाई दी। हाथी को निकट आते देख सभी युवक भाग खड़े हुए। पैर कीचड़ में फंसने की वजह से रामकुमार भाग न सका और हाथी ने उसे पटक कर मौत के घाट उतार दिया।

वन परिक्षेत्राधिकारी अभिषेक दुबे ने बताया कि ग्राम कोयलारगडरा से आठ युवक कोरबी मातिन दाई जंगल के पास पिकनिक मनाने आए थे। युवक जिस क्षेत्र से आए थे वह स्थान भी हाथी प्रभावित क्षेत्र है। मातिन क्षेत्र में हाथियों के दल के विचरण की लगातार सूचना दी जा रही है। इसके अलावा जंगल में पिकनिक मनाने न जाने की भी चेतावनी दी जा रही है, इसके बाद भी लोग चेतावनी को गंभीरता से नहीं ले रहे। लोनर हाथी ने पहले भी तीन तीन लोगों की जान ले ली है। बताना होगा कि अलग-अलग दलों में विचरण कर रहे हाथियों में लोनर की संख्या बढ़ गई है। हाथी मानव द्वंद्व के बीच लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है। बहरहाल लोनर हाथी लालपुर जंगल की ओर चला गया है। क्षेत्र में 11 हाथी बोटोपाल के पास विचरण कर रहे है। इन दिनों खेतों में धान की फसल लहलहा रही है। यही वजह कि हाथी गांव के निकट विचरण कर रहे हैं।

## लावारिस हालत में मिली 13 लाख की 13 बाइक- स्कूटी



**कोरबा ( ए )।** आगामी विधानसभा चुनाव 2023 के मद्देनजर अवैध गतिविधियां रोकने के लिए पुलिस का अभियान लगातार जारी है। थाना प्रभारी कुसमुंडा कृष्ण कुमार वर्मा की अगुवाई में वाहन चेकिंग के दौरान कुचेना- कुसमुंडा क्षेत्र में चार नया होंडा साइन 125 सीसी मोटर सायकल, चार नया होंडा साइन 100 सीसी बाइक, पांच नया होंडा एक्टिवा स्कूटी बरामद हुई। इसकी कीमत लगभग 13 लाख रूपये है। जो लावारिस हालत में मिली है। चोरी का माल होने के संदेह पर धारा 102 के तहत पुलिस ने जब्त कर लिया है। साथ ही मामले की विवेचना की जा रही है।

थाना प्रभारी सिविल लाइन मृत्युंजय पांडे की अगुवाई में थाना के स्टाफ का टीम बनाकर लगातार पेट्रोलिंग कर रहे हैं। इस दौरान सहायक उपनिरीक्षक दुर्गेश राठौर अपने स्टाफ के साथ टाउन पेट्रोलिंग करने निकले थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति आजाद चौक आरामशीन के पास धारदार लोहे के गड़ासा को हाथ में लेकर लहराते हुए आने जाने वालों को भयभीत कर रहा है। सूचना पर पुलिस ने आजाद चौक आरामशीन के पास पहुंच कर एक व्यक्ति को धारदार लोहे के गड़ासा के साथ पकड़ा।

पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम धनाराम कश्यप 52 साल निवासी आजाद चौक आरामशीन वार्ड क्रमांक 21 कोरबा थाना सिविल लाइन रामपुर कोरबा का रहने वाला बताया। उसके पास से एक लोहे का गड़ासा जब्त किया। धनाराम के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपित बदमाश किस्म का व्यक्ति है और आए दिन मोहल्ले में लड़ाई झगड़ा करते रहता है।

## नहर में बहे युवक की तीन दिन बाद नगरदा के पास मिली लाश

**कोरबा ( ए )।** जिले के बरपारा कोहड़िया के पास नहर में बहे युवक की लाश तीन दिन बाद ग्राम नगरदा जिला सक्ती के पास बरामद हुई। सूचना पर स्वजनों के साथ कोरबा पुलिस घटनास्थल पहुंची और शव का शिनाख्त किया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव स्वजनों को सौंप दिया गया।

सीएसईबी पुलिस चौकी अंतर्गत कोहड़िया निवासी ऐश कुमार केंवट 19 वर्ष कक्षा 10 वीं में पढ़ाई कर रहा था। मंगलवार को वह कोहड़िया नहर में नहाने के लिए गया था, तभी पानी में बह गया। काफी समय बीत जाने के बाद जब वह घर वापस नहीं लौटा, तो स्वजनों को चिंता हुई और उसकी खोजबीन शुरू की गई। उसे खोजते हुए स्वजन जब नहर के पास पहुंचे, तब वहां युवक के कपड़े, चप्पल और अन्य सामान पड़े मिले। तब सीएसईबी चौकी पुलिस को घटना की सूचना दी गई।

चौकी प्रभारी नवीन पटेल मौके पर पहुंचे और जांच कार्रवाई शुरू की। नगर सेना के रेस्क्यू टीम को मौके पर बुला कर नहर में रेस्क्यू कराया गया, मगर काफी मशक्कत के बाद भी शव बरामद नहीं हो सका। नहर में पानी का तेज बहाव अधिक होने से खोजबीन में दिक्कत हुई।

## युवक की हत्या कर जमीन में गाड़ दी लाश, 8 दिन बाद कब्र खोदकर पुलिस ने निकाला शव, पति-पत्नी ने मिलकर की हत्या

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मनेन्द्रगढ़।** झगराखंड में पिछले 8 दिनों से लापता युवक का शव जमीन के अंदर से पुलिस ने बरामद किया है। युवक की हत्या कर शव को दफ्ना दिया गया था। पुलिस को गुमशुदगी शिकायत मिली जांच हुई और एक महिला को हिरासत में लेने के बाद मामला खुला। शुक्रवार को पुलिस ने जमीन खोदकर युवक की लाश को निकाला। बताया जा रहा है कि मृतक का आरोपी महिला से अवैध संबंध था। युवक की हत्या में महिला के साथ उसके पति व एक अन्य व्यक्ति का हाथ होने की बात भी सामने आई है।

मिली जानकारी के अनुसार झगराखंड वार्ड क्रमांक 7 निवासी चंदन पॉल 26 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे अपनी पुरानी



स्कूटर में सवार होकर घर से निकला था। इसके बाद वह वापस घटर लौटकर नहीं आया। युवक की मां कल्पना के द्वारा दूसरे दिन 27 अक्टूबर को झगराखंड पुलिस थाने में अपने पुत्र की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस द्वारा गुम इंसान कायम कर पतासाजी की जा रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने संदेह के आधार पर एक महिला से पूछताछ की, जिसमें अवैध संबंध की बात निकलकर सामने आई।

महिला के बयान के आधार पर शुक्रवार को झगराखंड पुलिस ने कार्यपालिक दंडाधिकारी की उपस्थिति में शव को जमीन से बाहर निकलवाया। शव में चोट के निशान पाए गए हैं, वहीं जिस स्थल पर पुलिस ने शव को बरामद किया है उससे करीब 200 मीटर दूर पुराने सरई के पेट में खून के छीटे भी मिले हैं। आशंका जताई जा रही है कि पेड़ में मृतक युवक को बांधकर निर्ममतापूर्वक उसकी हत्या की गई है। झगराखंड थाना प्रभारी प्रद्युम्न तिवारी का कहना है कि साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से हत्या कर शव को जमीन के अंदर दफ्नाया गया था। महिला का पति फरार होना बताया जा रहा है।

## एनीडेस्क एप डाउनलोड करवाकर बुजुर्ग से 5.83 लाख की ठगी, इंटरनेट पर सर्च न करें कस्टमर केयर नंबर

**रायपुर ( ए )।** साइबर फ्राड करने वाले जालसाज नए-नए तरीकों से ऑनलाइन ठगी कर रहे हैं। जिले में कस्टमर केयर के नाम पर, क्रेडिट कार्ड का बिल बाकी होने, सिम बंद होने की जानकारी देने के नाम पर, मोबाइल में एनीडेस्क एप (मोबाइल का रिमोट एक्सेस एप) डाउनलोड करवा कर बैंक अकाउंट से रुपये उड़ाए जा रहे हैं। ताजा मामला राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र का है।




पलाश विहार महावीर नगर निवासी रवींद्र नाथ दास (71) ने गूगल फोन एप के कस्टमर केयर नंबर सर्च किया तो गूगल पर जालसाजों का फर्जी नंबर मिल गया। उस पर काल करने के बाद बदमाशों ने उसके मोबाइल पर एनीडेस्क एप डाउनलोड करवाया और पांच बार में पांच लाख 82 हजार 499 रुपये निकाल लिए। खाते से रुपये निकलने का मैसेज मिलने पर प्रार्थी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### ठग ने खुद को बताया फोन पे का अधिकारी

प्रार्थी ने बताया कि उसके फोन-पे में 30 हजार रुपये फंस गए थे, जिसे निकालने के लिए पांच अक्टूबर को वह गूगल में फोन-पे का हेल्प लाइन नंबर खोज रहा था। गूगल से उसे दो नंबर मिले। प्रार्थी ने उस पर फोन किया तो उसने खुद को फोन-पे का ऑफिसर बताया। इसके बाद उसने कहा कि पैसे वापस दिलवा देगा। पैसा सीधा एकाउंट में आएगा। इसके बाद एनीडेस्क एप डाउन लोड करने के लिए कहा गया। बुजुर्ग ने वैसा ही किया। इसके बाद ओटीपी की मांग की गई। बुजुर्ग के ओटीपी देते ही सबसे पहले 13,500 रुपये, फिर 84 हजार इसके बाद ओवर ड्राफ्ट लोन चार लाख 84 हजार 999 रुपये निकाल लिए गए। कुल पांच लाख 82 हजार 499 रुपये ठग लिए गए।

# बिलासपुर में निगरानी दलों ने एक दिन में जब्त किया 15 लाख कैश, 1 किलो चांदी भी बरामद

श्रीकंचनपथ न्यूज

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के दौरान सभी जिलों में निगरानी दलों द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को बिलासपुर पुलिस, जिला निर्वाचन की एसएसटी व एफएसटी तथा आरपीएफ द्वारा संयुक्त कार्रवाई कर लगभग 15 लाख रुपए नगदी और 1 किलो चांदी बरामद किया है। यह कार्रवाई जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में की गई है।

जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश शरण और पुलिस अधीक्षक बिलासपुर संतोष सिंह के द्वारा कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था ड्यूटी तथा विधान सभा चुनाव 2023 को मद्देनजर थाना क्षेत्र में चेक पोस्ट और फ्लाइंग स्क्वाड के माध्यम से राज्य व जिले से बाहर आने जाने वाली वाहनो पर सतत निगरानी रखने के जगह-जगह चेक पोस्ट लगाकर वाहनों की तलाशी लेने का



निर्देश दिया है। निर्देश के बाद सभी थानों की टीमें सघन जांच अभियान में लगी हुई हैं।

निगरानी दलों की कार्रवाई के दौरान थाना सकरी अंतर्गत एससटी और पुलिस की संयुक्त में एक व्यक्ति से 6 लाख रुपए नगद बरामद किया गया। उक्त व्यक्ति के पास इन रुपयों के संबंध में किसी भी प्रकार की वैध जानकारी नहीं थी। इसी प्रकार थाना मस्तूरी में एससटी और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में एक व्यक्ति से 69,000 रुपए बरामद किया है। थाना तोरवा अंतर्गत एफएसटी, पुलिस और आरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में एक व्यक्ति से बिना वैध दस्तावेज के 3 लाख 42 हजार रुपए नगद परिवहन पर जब्त किया गया।

थाना तोरवा अंतर्गत एफएसटी, पुलिस और आरपीएफकी टीम ने एक व्यक्ति से 3 लाख 1 हजार रुपए नगद जब्त किया है। इसी प्रकार थाना तोरवा अंतर्गत एफएसटी, पुलिस और आरपीएफने संयुक्त कार्रवाई में एक व्यक्ति से बिना वैध दस्तावेज के 1 लाख 50 हजार रुपए नगद और लगभग 1 किलो चांदी परिवहन जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई में एफएसटी टीम के निश्चल चंद्र शुक्ला एसीएफ, प्रआर फूलसिंह बड्डे, एसएसटी टीम के दयाशंकर राठौर, प्रधान आरक्षक लक्ष्मीकांत कश्यप, आरपीएफ से एएसआई टीआर कुर्रे एवं अन्य स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## एक्सिस बैंक फर्जीवाड़ा में फरार आरोपी को बेंगलुरु से दबोचा, अब तक 11 आरोपियों की हो चुकी है गिरफ्तारी

**रायपुर ( ए )।** एक साल पहले मुजगहन इलाके के डूंडा स्थित एक्सिस बैंक में हुए करोड़ों के फर्जीवाड़े मामले के फरार आरोपी मनसूर सलीम को कर्नाटक के बेंगलुरु से गिरफ्तार कर शुक्रवार को रायपुर लाया गया। इस फर्जीवाड़े में अब तक 11 आरोपितों की गिरफ्तारी और नकदी 2.34 करोड़ रुपये जब्त किए जा चुके हैं, जबकि अलग-अलग बैंक खातों में जमा 1.18 करोड़ रुपये को होल्ड कराया गया है, जबकि केस में शामिल अन्य आरोपियों को गिरफ्तार करने अन्य राज्यों में पुलिस टीम रवाना हुई है।




मुजगहन पुलिस थाना प्रभारी दीपेश जायसवाल ने बताया कि एक्सिस बैंक डूंडा शाखा के कलस्टर हेड बी आनंद ने पिछले साल पुलिस थाना मुजगहन में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि छत्तीसगढ़ राज्य कृषि मंडी बोर्ड के बैंक खाता क्रमांक 900010025774139 का चेक बुक सतीश वर्मा, चंद्रभान सिंह ने अपने सहयोगी अन्य लोगों के साथ मिलकर फर्जी तरीके से जारी कराया, फिर चेक बुक के माध्यम से फर्जी तरीके से करोड़ों रुपये अलग-अलग बैंक खातों में स्थानांतरित कराया। आरोपियों ने बैंक को गलत तरीके से नुकसान पहुंचाने और बेईमानी के इरादे से स्वयं के लाभ के लिए कूटरचना कर बैंक से करीब 16 करोड़ 40 लाख 12 हजार 655 रुपये की धोखाधड़ी की है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने बैंक से फर्जीवाड़ा करने वाले आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 467, 468, 471, 34, 120बी, 409, 419 का अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू की।

इस दौरान पांच आरोपियों को रायपुर, दुर्ग, दो आरोपियों को हैदराबाद, दो आरोपी को बैंगलोर और एक को मुंबई से कुल 10 आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ के आधार पर फर्जीवाड़ा में शामिल कर्नाटक राज्य के मकान नंबर 41, 12 वां मेन रोड बिटियम ले-आउट फर्स्ट स्टेज बेंगलुरु थाना एसजी पालिया जिला बेंगलुरऊ निवासी मनसूर सलीम (51) को गिरफ्तार कर लिया।

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu
9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई की सबसे बड़ी चुड़ी की दुकान
निखार बैंगल
मो.- 9826186026
Shop-47, 'A' Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### बीएसपी द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बीएसपी के सतर्कता विभाग द्वारा पीजी नर्सिंग कॉलेज, भिलाई में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता का विषय था भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि सहायक महाप्रबंधक हिमांशु दवे द्वारा दीप प्रज्वलित कर की गई। मुख्य अतिथि हिमांशु दवे ने नर्सिंग कॉलेज के छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार का विरोध कर, राष्ट्र के प्रति अपना समर्पण व प्रतिबद्धता का पालन करें। पीजी कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्य डॉ अभिलेखा बिस्वाल ने भी सतर्कता जागरूकता सप्ताह के विषय पर अपने विचार रखें। प्रतियोगिता में कुल 32 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के निर्णायक भिलाई इस्पात संयंत्र की महाप्रबंधक (इंस्ट्रूमेंटेशन) सुश्री सिम्मी गोस्वामी द्वारा किया गया। थे। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह दिखाते हुए अपनी प्रतिभागिता दी तथा देष के सभी नागरिकों को भ्रष्टाचार का विरोध कर, राष्ट्र के प्रति उनके कर्त्तव्यों का पालन करने के संबंध में अपने विचार रखे। भाषण प्रतियोगिता का आयोजन अंग्रेजी और हिंदी दोनों भाषाओं में किया गया था। इस प्रतियोगिता के हिंदी श्रेणी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार क्रमष: सुश्री गीता पटेल, भूमिका तथा सुश्री रिया भगत ने प्राप्त किया। इसके साथ ही सांत्वना पुरस्कार वंशिका देवांगन ने प्राप्त किया।

### दुर्ग ग्रामीण के प्रेक्षक ने ली राजनैतिक दलों और अभ्यर्थियों की बैठक

**दुर्ग।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के 63 दुर्ग ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों को प्रतीक चिन्ह आबंटन के पश्चात् सभी निर्वाचन लड़ने वाले 14 अभ्यर्थियों की बैठक लेकर भारत निर्वाचन आयोग के प्रेक्षक आर. लालवेना (आईएएस) द्वारा कलेक्टर कार्यालय दुर्ग के सभागार में ली गई। बैठक में प्रेक्षक द्वारा उपस्थित अभ्यर्थियों/विधिक प्रतिनिधियों को चुनाव चिन्ह आबंटन पश्चात् चुनाव के आवश्यक बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए चुनाव सामग्री के संबंध में जानकारी दी गई। जैसे कि चुनाव के प्रचार-प्रसार/वाहन व समस्त प्रकार की अनुमति के संबंध में जनपद कार्यालय दुर्ग में उपस्थित होकर प्राप्त करने की जानकारी दी गई। अभ्यर्थियों को प्रेक्षक द्वारा अपना मोबाईल नंबर 7587016629 व नाम भी अवगत कराया गया। चुनाव के दौरान सी.आर.पी. एवं आई.पी.सी. की विभिन्न धाराओं का उल्लेख कर इनका उल्लंघन नहीं किये जाने के संबंध में भी जानकारी दी गई। विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 में निर्वाचन आयोग द्वारा लगाये गये आदर्श आचार संहिता के संबंध में अवगत कराया गया। किसी दल या अभ्यर्थी को कोई ऐसा कार्य नहीं किया जाना चाहिए जो जातिगत हिंसा/मतभेदों को बढ़ाने या घृणा की भावना उत्पन्न कर सके एवं इसका प्रभाव निर्वाचन पर पड़े। लागू आदर्श आचार संहिता का अक्षरश: पालन किये जाने की समझाईश दी है। अभ्यर्थियों द्वारा प्रेक्षक से रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जारी दर सूची के संबंध में चर्चा कर पार्टी का अस्थायी कर्यालय खोलने हेतु टेंट (शमियाना)/लाईट तथा भवन के किराया (दर) के संबंध में आवश्यक जानकारी दी गई है।

### विधायक देवेंद्र यादव ने कहा जनता को भूपेश पर भरोसा

# कांग्रेस सरकार जनता की सरकार, शिक्षा-स्वास्थ्य और महिला सशक्तिकरण पर किया काम

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई नगर और कांग्रेस के दमदार प्रत्याशी विधायक देवेंद्र यादव आज सेक्टर 2 और सेक्टर 6 में विश्वास यात्रा निकाले। विश्वास यात्रा के दौरान वे दोनों सेक्टर के हर गली के हर घर में गए। प्रत्येक परिवार से मिले और उनका हालचाल जाना। इस दौरान विधायक श्री यादव को सेक्टर 2 और सेक्टर 6 की जनता का भरपूर सहयोग, प्रेम और आर्शीवार मिला।**

### विधायक देवेंद्र यादव के सेक्टर 2 और सेक्टर 6 में निकाली विश्वास यात्रा, जनता ने जताया विश्वास





विधायक के विश्वास यात्रा में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। जब देवेंद्र यादव सेक्टर में पहुंचे तो लोगों का भीड़ अपने आप ही उमड़ आई। लोगों ने उनका पूरा समर्थन किया और नारे लगाए भूपेश है तो भरोसा है देवेंद्र है तो विश्वास है। जनता ने देवेंद्र यादव पर पूरा विश्वास जताया।

इस दौरान विधायक श्री यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने जो कहा था कर के दिखाया। हमने कहा था हर परिवार का राशन कार्ड बनेगा। हर घर में शुद्धा पानी देंगे। सभी को पट्टा मिलेगा। टाउनशिप में क्रिकेट, फुटबॉल, बॉलीबॉल जैसे कई खेल मैदान बनाएं गए। महिलाओं को सशक्त बनाने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने महिलाओं के लिए प्रदेश का दूसरा और सबसे बड़ा गार्मेंट फैक्ट्री बनाया जा रहा है।

जहां 5 हजार से अधिक महिलाओं को रोजगार मिलेगा। महिला समूह को सशक्त और आर्थिक रूप से मजबूत बनाया गया। उन्हें रोजगार उपलब्ध कराए गए।

#### स्वामी आत्मानंद स्कूल और हाईटेक लाइब्रेरी

अब से 5 साल पहले खुर्सीपार छावनी में विधायक झांकने तक नहीं जाते थे। गंदगी फैले रहती थी। लेकिन आज छावनी और खुर्सीपार का पूरा क्षेत्र पूरे वार्ड डेवलप हो गए है। हर वार्ड में सड़क, नाली, बिजली, पानी से लेकर सफाई, तालाब, वार्डों के चौक-चौराहो का सौंदर्यीकरण कर दिया गया है। बाबा बालक नाथ मंदिर परिसर, तालाब, लक्ष्मण तालाब, दर्री तालाब, श्रीराम चौक का सौंदर्यीकरण किया है। इसके अलावा सबसे खास युवाओं के लिए जिले की सबसे हाईटेक लाइब्रेरी बनाई गई है। जहां बच्चों को पढ़ने के लिए सभी तरह की ?कीताबे ऑनलाइन और ऑफलाइन फ्री में उपलब्ध है। आईएएस, आईपीएस बनने से लेकर रेलवे, बैंक, शिक्षक, प्रोफेसर हर तरह के जॉब में अपना कॅरियर बनाने का सपना देखने वाले युवाओं के लिए यह लाइब्रेरी सबसे बड़ी सहायक है।

**भाजपा के भ्रष्टाचार से परेशान नेताओं ने कांग्रेस का दामन थामा :** आज सेक्टर 6 विश्वास यात्रा के दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता एवं सम्मानित जन नेता एम रामचंद्रन उर्फ रामा राव जी अपने साथियों के साथ कांग्रेस परिवार में प्रवेश किए हैं।

### कांग्रेस सरकार अब प्रति एकड़ पर 15 क्विंटल की बजाय 20 क्विंटल धान खरीदेगी

# छत्तीसगढ़ की कांग्रेस सरकार ने हर वर्ग को कुछ ना कुछ दिया है- ताम्रध्वज साहू

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 63 से कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू जनसंपर्क दौरा कार्यक्रम ग्राम चंगोरी, खाड़ा, रूदा, भोथली,झोला, तिरगा, निकुम, मासाभाट, आमटी,आलबरस कांग्रेस प्रत्याशी ताम्रध्वज साहू आशीर्वाद लेने पहुंचे जहां ग्राम के वासियों से भेंट मुलाकात करते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ गठन के 2 वर्ष बाद लगातार 15 वर्षों से काबिज भाजपा की राज्य सरकार ने किसानों, मजदूरों, छात्रों, कर्मचारियों, व्यापारियों, शिक्षा, स्वास्थ, बिजली, सड़क, पानी, समाजिक, संगठनों, आदि के लिए किसी भी तरह की कोई भी योजना नहीं बनाई।**



लेकिन वर्ष 2018 में जब कांग्रेस की सरकार स्थापित हुई मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राज्य की बागडोर संभालने के 2 घंटे के भीतर 18.82 लाख किसानों पर बकाया 9270 करोड़ रूपये का कृषि ऋण को माफ करने और 2500 रूपये प्रति क्विंटल की दर पर धान खरीदी का बड़ा निर्णय लिया। वर्ष 2018-19 में क्रय किये गए धान पर किसानों को प्रति क्विंटल के मान से 750 रूपये बोनस के रूप में कुल 5979 करोड़ रूपये का अतिरिक्त भुगतान भी किया गया। वहीं केन्द्र सरकार द्वारा किसानों को बोनस देने पर प्रतिबंध लगाए जाने के कारण खरीफविपणन वर्ष 2019-20 से राज्य के धान उत्पादक किसानों को राजीव गांधी किसान न्याय योजना बनाकर 21 हजार 913 करोड़ रूपये इनपुट सब्सिडी के रूप में दिए गए।

साहू ने आगे बताया कि वर्ष 2022-23 में किसानों को समर्थन मूल्य एवं राजीव गांधी किसान न्याय योजना की सब्सिडी को मिलाकर प्रति क्विंटल सामान्य धान का कुल मूल्य 2640 एवं ग्रेड़ (ए) का मूल्य 2660 रूपये मिला। वहीं खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में प्रदेश के किसानों से प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान क्रय किया जा रहा हैं। तथा मक्का, अरहर, उड़द, मुंग, गन्ना, कोदों, कुटकी, रागी की भी समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा रही हैं।

जिसका लाभ गांव में रहने वाले किसानों को भी मिल रहा हैं। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में 5 सालों में करोड़ों की राशि से प्रत्येक ग्राम में विभिन्न विकास कार्य हुआ है दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में सड़क,पुल,पुलिया, स्वास्थ, पेयजल, एवं शिक्षा के क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल , नया भवन निर्माण एवं प्रत्येक ग्रामों को मुख्य सड़कों से जोड़ने का कार्य किया है।

हमारी सरकार हमेशा विकास के उद्देश्य को लेकर चलती है और इसीक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधानसभा में अभी तक हर क्षेत्र में विकास ही किया है।





इस अवसर पर अध्यक्ष केश शिल्प बोर्ड नंदकुमार सेन, अध्यक्ष ज़िला पंचायत दुर्ग पुष्पा यादव,अध्यक्ष जनपद पंचायत दुर्ग देवेन्द्र देशमुख,भीषम हिरवानी,जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्रकार ज़िला पंचायत सभापति लक्ष्मी साहू, रामकली यादव, सुलोचना पुजा,जनपद पंचायत उपाध्यक्ष झमीत गायकवाड़,अध्यक्ष सहकरिता प्रकोष्ट रिवेन्द्र यादव, मंडी बोर्ड सदस्य तारकेश्वर चंद्राकार,सरपंच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर, जनपद सदस्य हरेंद्र देव, रूपेश देशमुख, हेमकुमारी देशमुख, भुनेश्वरी ठाकुर,नोहर साहू, हीरामणी देशमुख,रमेश साहू, तुलसी देशमुख, लज्कुमार, नदकुमार साहू, पी आर साहू, गोपेश्वर किशोर बेलचंदन ,बाबू लाल देशमुख,दीपांशु ,केजीवन सिन्हा, रिझन ठाकुर,डुमेश्वरी देशमुख, हिंछा राम पारकर, धरमदास साहू, भीषम चौधरी,रोशन देशमुख,देवीलाल देशमुख,मुकेश साहू, धर्मेंद्र बंजारे, प्यारे लाल देशमुख,देवेंद्र साहू,मानसिंह साहू,रोशन देशमुख,सरपंच गण गोमती पारकर, हुल्ली बाई साहू,धीरपाल देशलहरे,घासिया राम देशमुख, मुक्ति सुधाकर ,आशा देशकुख सहित राजीव युवा मितान क्लब के सभी सदस्य,बूथ, जोन, सेक्टर प्रभारी ,कांग्रेस के सभी जनप्रतिनिधी गण सहित ग्रामीण जन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# डेंगू की रोकथाम के लिए सघन अभियान

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग। दुर्ग जिले के विभिन्न क्षेत्रों में जिनमें से भिलाई नगर निगम क्षेत्र व दुर्ग नगर निगम क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग व नगर निगम के अमले द्वारा डेंगू से संबंधित नियंत्रण व रोकथाम का कार्य निरंतर किया जा रहा है। आज 03 नवंबर 2023 को डेंगू एलिजा पॉजिटिव के 01 प्रकरण मिला है। वर्तमान में डेंगू एलिजा पॉजिटिव भर्ती मरीजों की संख्या 02 है।**

निवास क्षेत्रों में घर-घर जाकर स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा मास्किटो सोर्स रिडक्शन का कार्य दैनिक रूप से किया गया है। नगर निगम भिलाई, चरोदा, रिसाली जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र एवं नगर निगम दुर्ग की टीम के द्वारा लगातार डेंगू प्रभावित क्षेत्र में लार्वा नष्टीकरण के लिए टेमीफॉस एवं एडिस मच्छर को नष्ट करने के लिए मेलाथियान से फागिंग का कार्य किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम के अनुसार डेंगू नियंत्रण एवं रोकथान हेतु दुर्ग, भिलाई, चरोदा रिसाली नगर निगम जनस्वास्थ्य विभाग, भिलाई इस्पात संयंत्र, स्वास्थ्य विभाग ग्रामीण व शहरीय की टीम द्वारा कुल 172138 घरों का सर्वेक्षण किया जा चुका है. जांच किये कुलर पानी टंकी व अन्य कंटेनर की संख्या-199842 जिनमें से 83321 खाली कराये गये सभी कंटेनरों में 117229 स्थानों में टेमीफ ास डालकर लार्वा का नष्टीकरण किया गया। 168130 पाम्पलेट के माध्यम से डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए स्वास्थ्य शिक्षा दी गयी। जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, सभी नगर निगम एवं मीडिया के द्वारा लगातार लोगों से यह अपील की जा रही है कि सप्ताह में एक दिन शुष्क दिवस के रूप में मनाया जाना डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए उचित होगा। उस दिन घर के सारे कटेंनर जैसे कुलर, पानी टंकी व अन्य जिसमें बारिश का पानी एकत्रित हो उसको समतल जगह में उस पानी की निकासी की जाये। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए कारगर होगा। अपील नहीं मानने पर यदि किसी घर मे पहली बार लार्वा मिलता है तो नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा समझाईश दी जाएगी और दूसरी बार लार्वा मिलने पर 500 रु. से लेकर 5000रू. का अर्थ वसूला जाएगा जिसकी जवाबदारी स्वयं की होगी।

जिले के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे. पी. मेश्राम एवं जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. सी.बी.एस. बंजारे के द्वारा लोगो से यह अपील की जाती है कि बुखार आने पर मलेरिया एवं डेंगू की जाँच की जाये। डेंगू एवं मलेरिया की जाँच जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सभी सामु. स्वा. केन्द्र व प्राथ. स्वा. के. शहरी, प्राथ. स्वा.केन्द्र, उपस्वास्थ्य केन्द्र, हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर में जॉच नि:शुल्क किया जा रहा है।

# भिलाई इस्पात संयंत्र में बीआरएम ने मापित क्षमता को पार कर रचा इतिहास

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र के आधुनिकीकरण और विस्तारीकरण में मॉडेक्स यूनिट के रूप में उत्पादन में शामिल हुई बार एवं रॉड मिल की मापित क्षमता 0.9 मिलियन टन है। इस आधुनिक इकाई बार एवं रॉड मिल ने वर्तमान वित्त वर्ष में अनेक कीर्तिमान बनाते हुए अक्टूबर-2023 में 1,01,111 टन टीएमटी बार का उत्पादन कर सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन का कीर्तिमान बनाया। यह मापित क्षमता का 135 प्रतिषत है।**



मासिक उत्पादन के इस अत्यंत चुनौती पूर्ण लक्ष्य 1 लाख टन को विभाग की टीम ने सामूहिक प्रयास से पहली बार पार किया। इसके पूर्व कई बार प्रयास किया गया और विगत मार्च 2023 में 91,119 टन उत्पादन का कीर्तिमान हासिल कर लिया था। कीर्तिमानों की इस श्रृंखला में 27 अक्टूबर 2023 को 12 एमएम टीएमटी बार में 3,330 टन (1623 बिलेट) का उत्पादन कर एक नया दैनिक उत्पादन का कीर्तिमान भी स्थापित किया है तथा 28 अक्टूबर 2023 को प्रथम पाली में 12 एमएम टीएमटी बार में 1,275 टन (622 बिलेट) का उत्पादन कर पाली उत्पादन का नया कीर्तिमान भी दर्ज किया है। इसी कड़ी में बीआरएम ने 93,300 टन डिस्पैच कर सर्वश्रेष्ठ मासिक डिस्पैच की उपलब्धि भी हासिल की। उन्नत स्वचालन और अत्याधुनिक नियंत्रण प्रणालियों के साथ बार एवं रॉड मिल ने अपनी उत्पादन यात्रा में कई मील के पत्थर पार किए हैं। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने शॉप फ्लोर पहुंच कर इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए बीआरएम के मेहनत तथा योगदान की सराहना की और कहा कि इनके सहयोग से ही बीआरएम ने उत्पादन के अधिकतम स्तर को बनाए रखने में कामयाबी हासिल की। कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार ने भी सभी कार्मिकों को बधाई प्रेषित की। विभागाध्यक्ष मुकेश गुप्ता ने टीम कार्य और कर्मचारियों के समर्पण को, सफलता का श्रेय देते हुए कहा कि कार्यक्षेत्र में नवीनता, संसाधनों के बेहतर उपयोग तथा उच्चतम स्तर के सुरक्षा मानकों के अनुपालन के फलस्वरूप ही यह उत्कृष्ट उपलब्धियां संभव हो रही हैं। उन्होंने निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रबंधन समूह, कर्मचारियों, यूनियन तथा सभी सहयोगी विभागों के प्रति निरंतर सहयोग एवं समर्थन के लिए अभिवादन व्यक्त किया। महाप्रबंधकगण एस के बेहरा, के के ठाकुर,सच्चिदानंद त्रिपाठी, आशीष, शाश्वत महंती, समीर पाण्डेय,शिखर तिवारी तथा वरिष्ठ अधिकारियों ने भी सभी कार्मिकों को बधाई तथा शुभकामनाएँ दी।

# बीएसपी के सतर्कता विभाग द्वारा मेगा क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की श्रृंखला में सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारियों के लिए विगत दिनों बीएसपी के मानव संसाधन विकास विभाग के सहयोग से विजिलेंस-क्वेस्ट-2023 नामक मेगा क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का उद्देश्य बीएसपी के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को सीवीसी, सीबीआई, अन्य भ्रष्टाचार विरोधी संगठनों व एजेंसियों, विभिन्न भ्रष्टाचार विरोधी अभियानों, सतर्कता और इसके कार्यों, प्रणालियों, प्रक्रियाओं, आईएसओ 37001:2016 मानक (एबीएमएस) के तहत संगठन के नियमों के बारे में तथा संगठनों के पीसीपी-2020, सेल सीडीए नियम आदि विषयों पर उनके ज्ञान और जागरूकता को विकसित करने में मदद करना है।

इस प्रतियोगिता को सभी की शानदार प्रतिक्रिया मिली। प्रतियोगिता में 17 टीमों के साथ-साथ बड़ी संख्या में उत्साही दर्शकों ने भाग लिया। मेगा फिनाले के लिए शीर्ष छह टीमों के चयन से पहले एक स्क्रीनिंग राउंड आयोजित किया गया था। फिनाले तीन रोमांचक राउंड के साथ पूरा हुआ। विजिलेंस-क्वेस्ट-2023 प्रतियोगिता के क्विज मास्टर्स सहायक महाप्रबंधक (एसपी-3) विकास पिपरानी और सहायक महाप्रबंधक (टी एंड डी) आशीष अग्रवाल थे। प्रतियोगिता के दौरान क्विज मास्टर्स ने विभिन्न पास-ऑन प्रश्न पूछकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

विजिलेंस-क्वेस्ट-2023 प्रतियोगिता में प्रबंधक (कार्मिक) निवेश विजयन और जेएसए के वेंकट प्रसाद राव की टीम विजेता रही। इसके साथ ही महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट्स) श्री हरप्रीत सिंह और सेक्शन ऑफिसर (परचेस) सुश्री प्रभा नायर की टीम प्रथम उपविजेता और सहायक महाप्रबंधक (ओपी-2) श्री उमेश मलयथ तथा चार्जमेन कम ओसीटी (सीएएस और सीडब्ल्यूपी) श्री के पी कृष्णन की टीम द्वितीय उपविजेता रही। प्रश्नोत्तरी के दौरान विजेताओं के साथ-साथ तीन सांत्वना पुरस्कार और विभिन्न दर्शक पुरस्कार भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन सहायक महाप्रबंधक सुभाष पटेल द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग द्वारा संयंत्र के कर्मचारियों, उनके परिवार के सदस्यों के साथ-साथ संयंत्र के आसपास के विभिन्न कॉलेजों और स्कूली छात्रों हेतु सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2023 के तहत सप्ताह भर विभिन्न कार्यक्रमों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950